दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 33 | जयपुर, गुरुवार, 11 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### सांगानेर थाना क्षेत्र का मामला: जयपुर कमिश्नरेट पुलिस का चौंकाने वाला कारनामा, सीसीटीवी फुटेज से आया सामने...

# पुलिस ने किया वाहन चोरों को एस्कॉर्ट... 10 दिन बाद एफआर!

## सांगानेर थाना पुलिस की आंखों से काजल (वाहन) चुराकर ले गए वाहन चोर

बेधड़क **एक्सक्लूसिव**

### वाहन चोरों से 30 सेकंड तक पुलिस ने की बात, फिर जाने दिया

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट पुलिस अक्सर जमीनी विवादों में मिलीभगत को लेकर चर्चा में रहती है, लेकिन हाल ही में आयुक्तालय की मातहत पुलिस का एक चौंकाने वाला कारनामा सामने आया है। खुद पुलिस वाहन चोरों को एस्कॉर्ट कर रही है। मामला सांगानेर थाने के चेतक में गश्त करते पुलिसकर्मियों का है। खास बात यह है कि घटना के दस दिन बाद ही पुलिस ने इस वाहर चोरी के मामले में एफआर भी लगा दी। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लाजिमी हैं। इस संबंध में पीड़ित प्रतापनगर सेक्टर 7 निवासी राजेश गर्ग ने डीसीपी ज्ञानचंद यादव को शिकायत की है। शिकायत के बाद सांगानेर डीसीपी यादव ने सांगानेर एसएचओ व एसीपी को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।


चोरों ने उठाई कार


सामने खड़ा पुलिस गश्ती वाहन चेतक


चोर आराम से चेतक के पास पहुंचे

**सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में घटनाक्रम**

- बदमाश कॉलोनी से पीड़ित के घर से कार लेकर निकल रहे हैं
- सामने कॉलोनी के बाहर चेतक की गाड़ी आई, वाहन चोरों ने कार को रोक लिया
- चेतक में से दो पुलिसकर्मी नीचे उतरे
- पुलिसकर्मी कार के पास में आए और वाहन चोरों से 30 सेकंड तक बात की


चेतक पुलिस से बात भी हुई

- पुलिसकर्मी वापस जाकर गश्ती वाहन चेतक में बैठक गए
- इसके बाद चेतक वाहन आगे चला और पीछे-पीछे वाहन कार चुराकर लेकर गए यानी एकतरह से वाहन चोरों को पुलिस एस्कॉर्ट कर रही थी।


चेतक के पीछे चलती चोरी की गाड़ी

### सांगानेर थाने में 23 दिसंबर देर रात की घटना

पड़ताल में सामने आया कि सांगानेर थाने में राजेश गर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने 23 दिसंबर की रात 10 बजे घर के बाहर कार खड़ी की थी। देर रात 2.30 बजे बाद घर के बाहर से आवाज आई। ऐसे में वे उठे और घर के बाहर आए तो कार गायब थी। तब राजेश ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर सांगानेर थाना पुलिस की चेतक करीब 3 बजे मौके पर पहुंची और पीड़ित से पूछा कि आपकी कार चोरी हो गई क्या? इसके बाद नाकाबंदी करा दी। फिर पुलिस टीम वहां से चली गई। पीड़ित राजेश ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में मेरी कार ही नजर आ रही है और पुलिसकर्मी उस कार को चुराकर ले जा रहे वाहन चोरों से बात भी कर रहे हैं।

### “ मामले की जांच की जा रही है...

मामला संज्ञान में आया है। एसीपी व एसएचओ को जांच करने व रिपोर्ट मांगी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

**- ज्ञानचंद यादव, डीसीपी,** जयपुर कमिश्नरेट ईस्ट

### सीसीटीवी फुटेज हैं साक्ष्य

सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर साफ दिख रहा है कि मेरी कार जा रही है, जाहिर है वाहन चोर ले जा रहे हैं। पुलिसकर्मी उस कार को चुराकर ले जा रहे वाहन चोरों से बात भी कर रहे हैं। **-राजेश गर्ग,** शिकायतकर्ता

### प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले

# मंजू राजपाल JDC टी. रविकांत को दिया यूडीएच का जिम्मा

- सीएस पंत सहित 16 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया
- कुलदीप रांका होंगे एसीएस सामाजिक न्याय विभाग


सुधांश पंत


श्रेया गुहा


मंजू राजपाल


टी. रविकांत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में भजनलाल सरकार ने बुधवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए। सरकार ने पिछले दिनों ही करीब ढाई दर्जन जिलों के कलेक्टर, एडीएम और एसडीएम बदल दिए थे। कार्मिक विभाग द्वारा जारी नई सूची में सीएम शर्मा के प्रमुख सचिव टी. रविकांत को प्रमुख शासन सचिव नगरीय व आवासन विभाग और प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार मुख्य सचिव सुधांश पंत को मुख्य आवासीय आयुक्त नई दिल्ली और प्रशासक राजफैड जयपुर की भी जिम्मेदारी दी गई है। सरकार ने जोधपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी (जेडीए) में उत्साह चौधरी को आयुक्त नियुक्त किया गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण में मंजू राजपाल को कमिश्नर लगाया गया है। वहीं, अजमेर संभागीय आयुक्त के पद पर महेश शर्मा को लगाया गया है।

चुनाव आयोग की ओर से एपीओ किए गए पुखराज सैन को आयुक्त कॉलेज शिक्षा विभाग लगाया है। पिछले दिनों जारी की गई तबादला सूची में आईएएस अरुण गर्ग को जिला कलेक्टर सलूंबर लगाया गया था, उनका स्थानांतरण इस सूची में निरस्त कर सलूंबर में उनके स्थान पर मुकुल शर्मा को जिला कलेक्टर लगाया गया है।



### किस अफसर को किस विभाग का जिम्मा

- **डॉ. सुबोध अग्रवाल** - अध्यक्ष इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, जयपुर।
- **अभय कुमार**- एसीएस जल संसाधन विभाग, राज्य जल संसाधन योजना विभाग।
- **अखिल अरोड़ा**- एसीएस आबकारी एवं कराधान विभाग।
- **अपर्णा अरोड़ा**- एसीएस राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग।
- **संदीप शर्मा**- एसीएस सार्वजनिक निर्माण विभाग।
- **कुलदीप रांका**- एसीएस सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग एवं पंचायती राज विभाग।
- **श्रेया गुहा**- एसीएस परिवहन विभाग जयपुर।
- **आनंद कुमार**- एसीएस गृह, गृह रक्षा जेल एवं राजस्थान राज्य अन्वेषण ब्यूरो एवं पदेन मुख्य सतर्कता आयुक्त एसीएस आपदा प्रबंधन सहायक एवं नागरिक सुरक्षा मिशन जयपुर।
- **भास्कर ए. सावंत**- खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामला विभाग जयपुर।
- **कुंजीलाल मीणा**- अध्यक्ष इंदिरा गांधी नहर बोर्ड जयपुर।
- **अजिताभ शर्मा**- उद्योग शिक्षा एवं लघु उद्योग राजकीय उपक्रम दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर एवं विशेष अधिकारी भिवाड़ी इंटीग्रेटर विकास प्राधिकरण एवं प्रमुख शासन सचिव व नियोजन एवं प्रवासी भारतीय निवेश संवर्धन ब्यूरो जयपुर।
- **आलोक गुप्ता**- कृषि एवं उद्यमी विभाग जयपुर।
- **टी रविकांत**- प्रमुख शासन सचिव नागरिक विकास एवं आवासन विभाग जयपुर।
- **मंजू राजपाल**- आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर।
- **आशुतोष एटी पेडणेकर**- शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग एवं स्टेट मिशन निदेशक आजीविका परियोजना एवं स्वयं सहायता समूह जयपुर।

### इनको मिला अतिरिक्त प्रभार

- **शुभ्रा सिंह:** एसीएस चिकित्सा शिक्षा विभाग।
- **सुधांश पंत:** मुख्य आवासीय आयुक्त, नई दिल्ली एवं प्रशासक राजफैड।
- **अभय कुमार:** एसीएस ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना।
- **श्रेया गुहा:** अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड।
- **आनंद कुमार:** एसीएस सैनिक कल्याण विभाग।
- **अजिताभ शर्मा:** अध्यक्ष, रीको।
- **आलोक गुप्ता:** सीएमडी राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड जयपुर।
- **दिनेश कुमार:** प्रमुख आवासीय आयुक्त, नई दिल्ली
- **वैभव गालरिया:** अध्यक्ष राजस्थान राज्य भंडारण निगम।
- **टी. रविकांत:** प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान एवं प्रमुख शासन सचिव स्वायत शासन विभाग जयपुर।
- **भानु प्रकाश अटरू:** अध्यक्ष, राजस्थान अक्ष्य ऊर्जा निगम।
- **डॉ. समित शर्मा:** शासन सचिव सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
- **पूनम:** शासन सचिव आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग।
- **आरती डोगरा:** शासन सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग।
- **महेश चंद्र शर्मा:** प्रशासक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर।
- **सुरेश कुमार ओला:** निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव स्थानीय निकाय विभाग।

### जरूरी खबर

#### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कुर्सी बरकरार



**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और 15 अन्य विधायकों की अयोग्यता मामले पर बुधवार को उन्हें बड़ी राहत मिली। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिंदे और उनके गुट के अन्य विधायकों की सदस्यता बरकरार रखी। नार्वेकर ने कहा कि उन्होंने ऐसा चुनाव आयोग के शिंदे की शिवसेना को असली शिवसेना के बताने के फैसले के आधार पर किया है। उद्धव ठाकरे के पास एकनाथ शिंदे को पार्टी से हटाने का अधिकार नहीं था। ये अधिकार सिर्फ पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पास है। यह फैसला उद्धव ठाकरे गुट के लिए बड़ा झटका है। इस फैसले पर उद्धव ठाकरे के बेटे और विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा है कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

पेज 7 भी देखें

### ये भी देखें...

डोटासरा को पीसीसी चीफ के पद से हटाकर बना सकते हैं नेता प्रतिपक्ष पेज-2

नगर निगम ग्रेटर में 22 जनवरी को रहेगी छुट्टी पेज-3

### सबसे उम्रदराज बाघिन ने तोड़ा दम... किया अंतिम संस्कार

# सरिस्का: बाघिन ST-2 की मौत

- वन राज्यमंत्री शर्मा भी पहुंचे श्रद्धांजलि देने
- इस बाघिन को कहा जाता था ‘राजमाता’

बेधड़क | अलवर

जिले में सरिस्का टाइगर रिजर्व अभयारण्य को आबाद करने वाली सबसे उम्रदराज बाघिन ST-2 की मौत हो गई। उसकी पूंछ में हुए संक्रमण का इलाज चल रहा था। यह बाघिन मंगलवार को एक ही जगह बैठी रही। कोई मूवमेंट नहीं होने के बाद शाम 5 बजे उसकी मौत की पुष्टि की गई। बाघिन एसटी-2 की मौत की सूचना मिलने के बाद बुधवार सुबह वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा वन अधिकारियों के साथ सरिस्का पहुंचे। इसके बाद बाघिन एसटी-2 का शव सरिस्का के ऑफिस लाया गया, जहां पोस्टमार्टम करवाया गया। इस मौके पर सरिस्का के क्षेत्रीय निदेशक आरएन मीणा डीएफओ डीपी जागावत सहित अन्य वन अधिकारी मौजूद थे।



#### पशु चिकित्सक कर रहे थे उपचार

सरिस्का के क्षेत्रीय निदेशक आरएन मीणा ने बताया कि बाघिन एसटी-2 संभवत: देश में सबसे बड़ी आयु की बाघिन थी। करीब 13 माह से यह बाघिन एक्लोजर में थी, जो अपनी बीमारी को लेकर संघर्ष कर रही थी। उसकी पूंछ के साथ-साथ पैर में भी परेशानी थी। नियमित रूप से पशु चिकित्सकों की देखरेख में इसका उपचार किया जा रहा था, लेकिन उसके पूंछ का घाव सही नहीं हो पा रहा था। वनकर्मियों की ओर से लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही थी। बाघिन एसटी-2 को वर्ष 2008 में रणथम्भौर से अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट में लाया गया था। उसने चार बाघों को जन्म दिया था। इनमें तीन बाघिन और एक बाघ है। बाघिन एसटी-2 की मौत के बाद सरिस्का में अब कुल 30 बाघ रह गए हैं।

### ठिठुरा रही ठंड

# प्रदेश के 8 शहरों में तापमान 7⁰ के नीचे, 4⁰ तक लुढ़का पारा

- अलर्ट: वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होने पर और गिरेगा तापमान
- राजधानी जयपुर में दिन में खिली धूप से मिली लोगों को राहत
- अजमेर और उदयपुर में मिनिमम टेंप्रेचर में गिरावट ने ठिठुराया

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में सर्दी के सितम के चलते आठ शहरों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में बुधवार सुबह कोहरा छाया रहा। हालांकि, सुबह 11 बजे के बाद धूप खिलने से लोगों को राहत का अहसास हुआ। इस दौरान शहर का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री रहा।


मौसम विभाग का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होने के साथ ही राजस्थान में फिर से तापमान गिरने लगेगा। इधर, कई शहरों में बुधवार को न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई। इस वजह से अधिकांश इलाकों में सुबह गलन भरी सर्दी रही। सर्द हवा के कारण ठिठुरन बढ़ गई है।

जयपुर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, दौसा, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, टोंक, धौलपुर, करौली और बूंदी जिले में बुधवार को सुबह कोहरे का साम्राज्य रहा। बाद में सूर्यदेव से आंख मिचौली के बाद कोहरा छंट गया। इन शहरों में बीती रात भी कोहरा रहने से गलन रही।

#### @ राजधानी

#### उत्तरी हवाओं का असर कुछ दिन रहेगा जारी

अगले कुछ दिन उत्तरी हवाओं के असर से पूरे राजस्थान में सुबह-शाम सर्दी तेज रहेगी। कुछ जगहों पर पाला पड़ने जैसी स्थिति हो सकती है। उधर, माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहां सुबह वादियों में घना कोहरा छाया रहा।


फोटो: पंकज शर्मा

#### कई जगह पर धुंध से विजिबिलिटी घटी

बीकानेर में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 5 पर पहुंच गया। जैसलमेर और जोधपुर में भी मिनिमम टेम्प्रेचर में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। उधर, अजमेर और उदयपुर में मिनिमम टेम्प्रेचर में 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। सीकर के फतेहपुर में 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई। इन स्थानों पर सुबह से धुंध भी छाई रही, जिससे विजिबिलिटी पर खासा असर पड़ा। जोधपुर, डूंगरपुर, जालोर, बाड़मेर और उदयपुर में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बुधवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान उदयपुर में 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## जरूरी खबर

### मुख्यमंत्री को भेंट किया स्टीविया का औषधीय पौधा



**बेधड़क. जयपुर।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट के संस्थापक डॉ. अतुल गुप्ता और मोनिका गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को स्टीविया का पौधा भेंट किया। विज्ञान भारती की बुधवार को हुई विशेष बैठक में डॉ. अतुल गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को राज्य में औषधि पादपों की खेती के विस्तार, गोमूत्र गोबर के माध्यम से राज्य को जैविक प्रदेश बनाने तथा राज्य की समस्त गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने से संबंधित सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि स्टीविया का पौधा जीरो कैलोरी नेचुरल स्वीटनर है तथा डायबिटीज में इंसुलिन बनाने में भी मदद करता है। कार्यक्रम में कई संस्थानों के वैज्ञानिक और सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद रहे।

### श्रम कानून और पुलिस व्यवस्था की दी जानकारी

**बेधड़क, जयपुर।** झालाना स्थित डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में बुधवार को जिलास्तरीय असंगठित श्रमिक संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस निरीक्षक राजकुमार शर्मा रहे। वहीं अन्य वक्ता अधिवक्ता रामदयाल और स्टेट हेड एक्शन एड राजस्थान के सियोन रहे। इन्होंने श्रम कानून, पुलिस व्यवस्था और संगठन के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में 55 महिला और पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम मैनेजर विकास सिंह, केंद्र प्रभारी मुलचंद शर्मा ने किया गया। केंद्र टीम से पवन नुकवाल, कोमल बेनीवाल, नरेंद्र वर्मा व रोड़ी देवी, जितेंद्र वर्मा, रामबाबू ने सहयोग किया।

### प्रो-कबड्डी के लिए हुआ जयपुर के कपिल का चयन



**बेधड़क. जयपुर।** शिक्षा के साथ-साथ शहर की प्रतिभाएं खेलों में भी राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ रही हैं। मोरदा गांव निवासी कबड्डी खिलाड़ी कपिल गुर्जर का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली 10वीं प्रो-कबड्डी लीग के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता में कपिल गुर्जर बंगाल वॉरियर्स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद 24 वर्षीय खिलाड़ी कपिल ने अपनी कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। उनके पिता श्रीराम गुर्जर जयपुर में प्रोपर्टी करोबारी हैं।

**स्टूडेंट्स की पढ़ाई में प्रशिक्षण बना बाधा:** विधानसभा चुनाव के दौरान भी विद्यार्थियों की पढ़ाई हो चुकी है बाधित

# बोर्ड परीक्षाओं से पहले शिक्षकों के प्रशिक्षण का हो रहा विरोध

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में इस बार शिक्षा विभाग आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बोर्ड परीक्षा समय से पहले करवाने की प्लानिंग कर रहा हैं। वहीं स्कूल शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा से एक महीने पहले ही हजारो शिक्षकों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण करवाने में जुटा है। ऐसे में प्रदेश में 8वीं और 10वीं बोर्ड के विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता हैं।

गौरतलब हैं कि स्कूल शिक्षा परिषद् में राज्य परियोजना निदेशक एव आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला ने आदेश जारी करते हुए कक्षा 6 से 10वीं तक में वरिष्ठ अध्यापको



और लेवल-2 के अध्यापको का विद्यालय आधारित आकलन शिक्षक प्रशिक्षण के आदेश दिए हैं। इसमें 7 चरणों में 11 जनवरी से 1 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर 5 दिन ऑफलाइन और 5 दिन ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने के आदेश दिए गए हैं। ऐसे में अगर बोर्ड परीक्षा से पहले 10 कार्य दिवसों में पढ़ाई प्रभावित होती है तो विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता हैं।

### एक लाख 87 हजार शिक्षकों का होगा प्रशिक्षण

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 10 तक अध्यापन कराने वाले वरिष्ठ अध्यापक और लेवल-2 के अध्यापकों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण जनवरी, फरवरी माह में रखा गया है। करीब एक लाख 87 हजार शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। गौरतलब हैं कि इस बार विधानसभा चुनाव ने शिक्षकों की ड्यूटी को लेकर पढ़ाई पहले से ही प्रभावित हो चुकी हैं। वहीं इस बार कक्षा 8 तक कई जिलों में सर्दियों की छुट्टिया भी 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षा से पहले स्टूडेंटन्स को पढ़ाई का बहुत ही कम समय मिल पाएगा। यदि इस समय में भी शिक्षक अध्यापन कार्य नहीं करवा सकेंगे तो शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा।

### शिक्षक संगठनों ने की प्रशिक्षण स्थगित करने मांग

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता किसी से छिपी नहीं हैं। हर साल बोर्ड परीक्षा में परिणाम तय मानक से कम होने पर हजारों शिक्षकों को नोटिस मिलता हैं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के तैयारी के पीक समय में प्रशिक्षण आयोजित करवा रहा है। ऐसे में कई शिक्षक संगठनों ने प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग की हैं। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री से प्रशिक्षण स्थगित करने की मांग करते हुए कहा कि जनवरी माह बोर्ड परीक्षा की तैयारी की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसे समय में शिक्षकों के प्रशिक्षण करवाएं जा रहे जो अव्यवहारिक है। शिक्षा मंत्री से संगठन मांग करता है कि संज्ञान लेते हुए अव्यवहारिक तिथियों में प्रशिक्षण स्थगित करवाने की कार्रवाई करे।

“ बोर्ड परीक्षाओं से पहले शिक्षकों का प्रशिक्षण अनुचित हैं। ऐसे में स्टूडेंट्स की पढ़ाई बाधित होगी। शिक्षा परिषद को शिक्षकों के प्रशिक्षण की तिथियों में बदलाव करना चाहिए। ताकि स्टूडेंट्स को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा मिल सके।

**विपिन प्रकाश शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ।**



**आला नेताओं ने कहा-** एक दो दिन में होगी नाम की घोषणा

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा को बनाया जा सकता है नेता प्रतिपक्ष!

**बेधड़क** | जयपुर

एक तरफ भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल का गठन होने के बाद विभागों का बंटवारा भी हो चुका है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस अभी तक नेता प्रतिपक्ष का ऐलान नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को भी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष की कमान सौंप सकती है। इसके लिए डोटासरा को प्रदेशाध्यक्ष पद से हटाकर यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रीकरणपुर से नवनिर्वाचित विधायक रुपेंद्र सिंह कुन्नर के स्वागत समारोह के अवसर पर पार्टी के आला नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा शीघ्र ही करने के संकेत दिए है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान ने नेता प्रतिपक्ष का नाम फाइनल कर लिया है और बस ऐलान करना बाकी है। कांग्रेस नेता और दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा ने भी इस बात के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि एक दो दिन में नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि नेता प्रतिपक्ष को लेकर विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के प्रदेश नेताओं की बैठक पीसीसी कार्यालय में हो चुकी है। हालांकि इस बैठक का कोई परिणाम नहीं निकला था। नेता प्रतिपक्ष का नाम तय करने के लिए प्रदेश नेताओं ने आलाकमान पर फैसला छोड़ दिया था। इसके बाद से कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही है। इसके बाद भी अभी तक यह पद खाली है।

**19 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से पूर्व कांग्रेस करेगी संगठनात्मक बदलाव**




### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा

कांग्रेस में पीसीसी चीफ के नाम को लेकर भी कांग्रेस लगातार मंथन कर रही है। दिल्ली में आलाकमान भी प्रदेशाध्यक्ष किसे बनाया जाये? इसके लिए कई बैठकें भी की जा चुकी है। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि राजस्थान में कांग्रेस प्रदेधाध्यक्ष के नाम के लिए पार्टी हाईकमान एक ऐसे नए चेहरे की तलाश में है जिसे पायलट और गहलोत दोनों गुटों की सहमति हो। अब देखना ये होगा राजस्थान में अपनी सत्ता गवां चुकी कांग्रेस पार्टी किसके ऊपर दांव खेलती है? इधर, अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते पूरे 5 साल उनका सचिन पायलट के साथ विवाद चलता रहा। आरोप प्रत्यारोप के बीच धरना प्रदर्शन भी हुए। गहलोत सरकार गिरने की भी नौबत आ गई थी। ऐसे में कहा जा रहा है कि अब कांग्रेस आलाकमान किसी ऐसे चेहरे को पीसीसी चीफ बनाना चाहता है जो गहलोत और पायलट दोनों में से किसी भी गुट का नहीं हो। इसलिए सियासी जानकारों का मानना है कि राजस्थान में गुटबाजी रोकने के लिए ही कांग्रेस ने सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है।

### इन नेताओं के नाम की भी चर्चा

इधर, नेता प्रतिपक्ष के नाम को लेकर अन्य कई नाम भी चर्चा में है। इनमें शांति धारीवाल, डॉ. रघु शर्मा, हरीश चौधरी व महेंद्रजीत सिंह मालवीय का नाम सबसे आगे माना जा रहा है, हालांकि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि नेता प्रतिपक्ष की भूमिका फायर बिग्रेड की छवि वाले नेता ही निभायेंगे। धारीवाल, रघु शर्मा, हरीश चौधरी व महेंद्रजीत सिंह मालवीय के इतर गोविंद सिंह डोटासरा प्रभावी व आक्रामक छवि वाले नेता माने जाते हैं।

**मंत्री गहलोत ने दिया** पदोन्नति का तोहफा

# भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति, लंबित मामलों का करें निस्तारण: गहलोत



**बेधड़क** | जयपुर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बुधवार को विभाग के 70 अधिकारियों की पदोन्नति की लंबे समय से लंबित पत्रावली का अनुमोदन किया। इससे इन अधिकारयों की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है।

गहलोत ने बुधवार को अंबेडकर भवन स्थित सभागार में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के लिए अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे।

उन्होंने विभाग की 60 दिवसीय कार्य योजना की जानकारी ली और लोकसभा चुनावों की आचार संहिता से पूर्व उनको पूर्ण करने के निर्देश दिए। गहलोत ने अधिकारियों को जीरो पेंडेंसी और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही नशा मुक्ति की दिशा में जागरुकता के लिए कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना मोबाइल एप लॉन्च

मंत्री अविनाश गहलोत ने बैठक के दौरान मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना मोबाइल एप लॉन्च किया। उन्होंने एप की जानकारी देते हुए बताया कि इसके द्वारा अब अभ्यर्थी स्वयं के मोबाइल से कभी भी एवं कहीं से भी आवेदन कर सकेंगे। संस्थान स्वयं की एसएसओ आईडी का उपयोग कर मोबाइल एप के माध्यम से आवंटित छात्रों की सूची देख सकते हैं। इसी प्रकार छात्रों के जॉइन एवं एडमिट की प्रक्रिया भी एप के माध्यम से कभी भी एवं कहीं से भी की जा सकती है।

**श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा निमत्रंण पर** बोले पूर्व डिप्टी सीएम

# ‘मुझे न्योते की जरूरत नहीं: पायलट

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में निर्माणाधीन भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन का समय नजदीक आ रहा है। ऐसे में देश की सियासत में कई चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

बुधवार को प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम और टोंक विधायक सचिन पायलट का भी एक बयान सामने आया है, जिसके बाद प्रदेश की सियासी गलियारों में कई कयास लगाए जा रहे हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए अयोध्या जाने के सवाल पर सचिन पायलट ने कहा, ‘मुझे अपनी आस्था प्रकट करने और मंदिर में दर्शन करने के



लिए किसी न्योते की जरूरत नहीं है. मेरा जब मन करेगा, मैं जाऊंगा। देश में जितने भी तीर्थ हैं, वहां सब हमारे साथी लोग जाते हैं। ये भावनात्मक मुद्दा है, धार्मिक मुद्दा है, इस पर राजनीति करना गलत है। सचिन ने कहा कि बीजेपी को राजनीति करनी है तो मुद्दों पर करें।

### किरोड़ी पर कसा तंज

सचिन पायलट ने डॉ. किरोड़ी लाल मीणा पर तंज कसते हुए कहा कि किरोड़ी ने भाजपा में बहुत मेहनत की, लेकिन मेहनत के अनुरूप उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया गया। पायलट ने कहा कि डॉ. किरोड़ी मीणा सीएम या डिप्टी सीएम की रेस में थे, हालांकि ऐसा हुआ नही। पायलट ने आगे कहा, ‘विश्व बाजार में कच्चे तेल का दाम आधा हो गया है, लेकिन भारत सरकार दाम कम नहीं कर रही है। भाजपा ने लोकलुभावने वादे किए हैं। पायलट ने कहा कि भाजपा कुछ काम करे तो वो योगदान है और बाकी पार्टियां करें तो रेवड़ी है।

**MLA दीया कुमारी ने मुरलीपुरा में किया** पानी की टंकी का शिलान्यास

# लोगों को जल्द मिलेगा बीसलपुर का पानी

**बेधड़क** | जयपुर

शहर की मुरलीपुरा क्षेत्र की 10 से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों को पानी की सप्लाई के लिए पीएचईडी की ओर से जल्द ही वाटर टैंक बनाए जाएंगे। इस टैंक को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद इन कॉलोनियों के 38 हजार से ज्यादा लोगों को पानी की सप्लाई हो सकेगी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के बालाजी नगर, चरण नदी में बनने वाले टैंक




के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बीसलपुर-पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना के तहत बनाए जाने वाले वाले इस टैंक की कैपेसिटी 2 एमएलडी से ज्यादा (22.5 लाख लीटर) होगी। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को एक साल में पूरा किया जाएगा, ताकि 2025 में गर्मियों के सीजन में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने बताया कि इन टंकियों के बनने से वार्ड नंबर 9 की गणेश नगर, राजेन्द्र नगर-ए, पवनपुरी ईस्ट, श्री देव नगर, भवानी शंकर कॉलोनी, हनुमान नगर, राम नगर कॉलोनी, गणेश नगर-4 ए, बजरंग कॉलोनी, मधुवन कॉलोनी, रमेश वारम-1, चांदोलिया नगर सहित 10 से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों को पीने के पानी की सप्लाई की जा सकेगी।

**वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024**

# सोलर व हाइड्रो पावर से बिजली उत्पादन में निवेश करेगी टोरंट और टाटा

**बेधड़क** | जयपुर

गुजरात के गांधी नगर में बुधवार से प्रारम्भ हुई तीन दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ और ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

समिट में प्रदेश में निवेश को लेकर दोनों मंत्रियो में विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें टाटा पावर, अडाणी, टोरेंट सहित ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के प्रमुखों और उनके शीर्ष प्रबंधन के साथ राजस्थान में निहित व्यापक संभावनाओं को लेकर मुलाकात की। दोनों



मंत्रियों ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियां प्रमुख रूप से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए अनुकूल है। राजस्थान सौर एवं पवन ऊर्जा के क्षेत्र में देश का प्रमुख हब बनकर उभर सकता है। उन्होंने थर्मल, सोलर, पवन एवं हाइड्रो ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में इन निवेशकों को राजस्थान आने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि राजस्थान सरकार इस दिशा में उन्हें हरसंभव सहयोग करेगी।

### इन कंपनियों ने जताई निवेश की इच्छा

ऊर्जा मंत्री नागर ने समिट में प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को लेकर कई बड़ी और नामी कंपनियों को आमंत्रित किया। मंत्री नागर ने बताया कि टोरंट और टाटा पावर सहित कई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने राजस्थान के ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश की इच्छा व्यक्त की है। इसको लेकर आगे की कार्रवाई के लिए इन कंपनियों के शीर्षस्थ अधिकारियों को राजस्थान आने का न्योता दिया गया है। उन्होंने बताया कि टाटा पावर के एमडी ने राजस्थान में सोलर ऊर्जा में निवेश की बात कही। बैठक में प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल भी मौजूद थे। बैठक में टोरेंट पावर और टाटा पावर के एमडी के साथ में राजस्थान में सोलर और हाइड्रो पावर से बिजली उत्पादन में निवेश पर सार्थक चर्चा हुई। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और उद्योग वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इन कंपनियों को सरकार की ओर से राजस्थान में पूरी मदद एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### मंत्रियों ने कई कम्पनियों के एमडी से की चर्चा

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने समिट के दौरान अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी, टाटा कैमिकल्स के एमडी एन मुकुंदन, टाटा पावर के एमडी आशीष खन्ना, टोरेंट पावर के एमडी जिनल मेहता, रसना ग्रुप के चेयरमैन पिरूज खंबाटा सहित उद्यमियों से प्रदेश के औद्योगिक विकास और एनर्जी सेक्टर को सुदृढ़ बनाने की दिशा में गहन सार्थक चर्चा की। इस दौरान वन एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल और रीको के



प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

### ‘सच बेधड़क’ मीडिया समूह के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने जयपुर के सभी प्रसिद्ध मंदिरों में दिया ‘रामाभिषेकम्’ और विशाल आरती के कार्यक्रम का निमंत्रण


# ‘रामाभिषेकम्’ के लिए भगवान को न्योता

## मोती डूंगरी गणेश, गोविंददेव जी, ताड़केश्वर महादेव और चांदपोल हनुमान जी को दिया आमंत्रण

**बेधड़क. जयपुर।** ‘सच बेधड़क’ मीडिया समूह के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा बुधवार सुबह मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे। उन्होंने प्रथम पूज्य भगवान गणेश 15 जनवरी को अल्बर्ट हॉल पर होने वाले भव्य ‘रामाभिषेकम्’ और विशाल आरती के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। महंत पंडित कैलाश शर्मा ने विनायक शर्मा का स्वागत किया और उन्हें इस भव्य कार्यक्रम के लिए बधाइयां दी। इसके बाद विनायक शर्मा ने जयपुर के आराध्य गोविंददेव जी के मंदिर पहुंच इस रामकाज में लगी ‘सच बेधड़क’ की टीम और सभी राम भक्तों की तरफ से जयपुर के गोविंददेव जी को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर मंदिर में मौजूद संत, महंत सहित तमाम पूज्य भक्तों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने विनायक शर्मा का तहे दिल से धन्यवाद किया कि वे हमेशा ही कामकाज से पहले रामकाज को महत्व देते हैं और इससे आने वाली पीढ़ी को एक महत्वपूर्ण संदेश भी दे रहे हैं।













### ताड़केश्वर महादेव को भी किया आमंत्रित

इसके बाद विनायक शर्मा चौड़ा रास्ता स्थित जयपुर के प्राचीनतम और चमत्कारी मंदिर ताड़केश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। वहां उन्हें देखकर मंदिर में दर्शन करने आए लोग और आमजनों में उत्साह संचारित हो गया। शर्मा ने ताड़केश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सर्वप्रथम ताड़केश्वर महादेव का जलाभिषेक कर उन्हें भव्य ‘रामाभिषेकम्’ और विशाल आरती के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में मौजूद संतों-महंतों ने विनायक शर्मा से आध्यात्मिक संवाद किया और उन्हें पुष्प मालाएं पहनकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही, भव्य कार्यक्रम के संबंध में चर्चा भी की। इसके बाद शर्मा ने सुप्रसिद्ध चमत्कारिक चांदपोल हनुमान मंदिर में हनुमान जी को 15 तारीख को होने वाले ‘रामाभिषेकम्’ और विशाल आरती के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। वहां मौजूद राम और हनुमान भक्तों से भी इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा भी की।

---

**जेडीए का अवैध अतिक्रमण पर एक्शन**

## अवैध कॉलोनियों पर चले बुलडोजर

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए ने जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब नौ बीघा कृषि भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों और करीब 0.5 बीघा सरकारी भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-14 में वाटिका बाजडोली रोड पर करीब तीन बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू रूपान्तरण कराएं भूमि को समतल कर भैरव नगर के नाम से अवैध



कॉलोनी बसाई जा रही थी। उसे बुधवार को जोन-14 के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

वहीं, जोन-14 में ही मानपुर भाटावाला तन वाटिका में करीब तीन बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन और बिना भू रूपान्तरण के निर्माणाधीन तीन अवैध डुप्लेक्स, मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउंड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। उसे भी प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा वाटिका, रिंग रोड के पास आवला फार्म हाउस के पीछे तीन बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बनाई जा रही कॉलोनी को भी ध्वस्त किया है।

---

### जयपुर फैशन एक्सपो 2024 का शुभारंभ

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को सीतापुरा स्थित जेईसीसी में जयपुर फैशन एक्सपो-2024 का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में टैक्सटाइल उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं और गारमेंट एक्ज़ीबिशन के माध्यम से जयपुर के मैन्युफैक्चरिंग मार्केट को एक नई ऊंचाई मिलेगी। बैरवा ने एक्सपो में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। इस अवसर विधायक गोपाल शर्मा भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय इस फैशन एक्सपो में महिला परिधानों के देश-विदेश से आए निर्माता भाग ले रहे हैं।

---

**सतर्कता शाखा की टीम ने कई इलाकों से हटाए अतिक्रमण, वसूला जुर्माना**

## निगम आयुक्त ने किया पार्कों का निरीक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियार ने बुधवार को नगर निगम ग्रेटर के उद्यानों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने बापू नगर, तिलक नगर, मालवीय नगर स्थित पार्कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उद्यान शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन पार्कों में क्षतिग्रस्त अवस्था में रखी बेंचो, खेल-उपकरणों में मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी मरम्मत



कर उपयोगी बनाई जाए। साथ उपायुक्त उद्यान को निर्देश दिए कि निगम के सभी उद्यानों में आवश्यक सुविधाओं की रिपोर्ट तैयार कर दी जाएं। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियार के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता डॉ. संध्या यादव के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम ने मालवीय नगर, सांगानेर और मानसरोवर जोन में अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ 25 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज कर 5 केंटर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता डॉ. संध्या यादव ने बताया कि गांधी नगर रेलवे स्टेशन टोंक रोड, गोपालपुरा पुलिया के नीचे, जय अंबे नगर, जयपुरिया हॉस्पिटल, डी-मार्ट प्रताप नगर, नगर निगम रोड सांगानेर एवं नारायण विहार मानसरोवर पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 5 केन्टर सामान जब्त किया गया और मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ 25 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज किया गया।

---

**22 को बंद रहेंगी मीट की दुकानें**

# नगर निगम ग्रेटर में 22 जनवरी को रहेगी छुट्टी, जलाएंगे 5 लाख दीपक

### अच्छी सजावट वाले व्यापार मंडलों व बाजारों को किया जाएगा सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के मौके पर नगर निगम ग्रेटर में छुट्टी रहेगी। इस दिन अधिकारी-कर्मचारी पूरे शहर में सजावट और दीपोत्सव के काम में जुटेंगे। इसके चलते आमजन से जुड़े काम नहीं होंगे।

नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर ने बुधवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों संग हुई बैठक के बाद इसका ऐलान किया। मेयर ने कहा कि 22 जनवरी का दिन बहुत खास है। सभी तो अयोध्या तो नहीं जा सकते, इसलिए जयपुर को राममय मनाने के लिए अयोध्या जैसी तैयारियां यहां की जाएगी। पूरे शहर में 5 लाख दीपक जलाने, अस्थायी रोशनी करने, रंगोली करने का काम किया जाएगा। इस दिन बड़े स्तर पर दीपोत्सव मनाया जाएगा। बाजार में अच्छी सजावटी हो, पूरा शहर जगमग हो इसके लिए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी पूरे दिन इसी काम में जुटे रहेंगे। इसे देखते हुए उस दिन नगर निगम ग्रेटर में छुट्टी रहेगी। आयुक्त रुक्मणि रियार ने वॉकल फोर लॉकल पर जोर देने का आह्वान किया। बैठक में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, पार्षद रामवतार गुप्ता, झोटवाड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष




भंवर लाल शर्मा, रेलवे स्टेशन के व्यापार मंडल के महामंत्री विष्णु शर्मा, सिंधी कैंप व्यापार मंडल के अध्यक्ष गजानंद शर्मा, आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष शंकर शर्मा, मानसरोवर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक जगा सहित 40 व्यापार संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रेटर और हेरिटेज में बंद रहेंगी मीट की दुकानें

ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में 22 जनवरी को मीट की दुकानें बंद रहेंगी। ग्रेटर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने व्यापारियों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिया। हेरिटेज निगम की ओर से पहले ही यह घोषणा की जा चुकी है।

### रामोत्सव को सफल बनाने की अपील

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जयपुर शहर में भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बुधवार को नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में व्यापार मंडलों, बाजारों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सचिवों की बैठक आयोजित की गई। मेयर ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर निगम की ओर से हर चौराहे पर रंगोली बनाई जाएगी। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम ग्रेटर को ओपन डिपो रहित बनाना है, इसके लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। महापौर ने रामोत्सव को सफल मनाने के लिए व्यापार संगठनों से अपील की। बैठक में महापौर ने सभी व्यापारियों से उनकी समस्या जानी और आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने आवारा पशुओं, अतिक्रमण, बिजली के खुले तारों की समस्या बताई। इस पर महापौर चर्चा के बाद शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

जरूरी खबर

## कलेक्टर ने दिए शिकायतों के निपटारे के निर्देश



**बूंदी।** नव नियुक्त जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया और संबंधित कार्मिकों एवं अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण के मुआवजों, संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों के निपटारे तथा सहायता संबंधी प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता से किया जाए। इन कामों में किसी भी स्तर पर देरी नहीं हो।

## नवजात के शव को मुंह में लेकर दौड़ता दिखा स्ट्रीट डॉग

**बारां।** जिला अस्पताल के पीछे तालाब की पाल क्षेत्र स्थित श्मशान में एक नवजात बच्चे के शव को स्ट्रीट डॉग मुंह में लेकर सड़क पर दौड़ता नजर आया। हालांकि, जब लोगों ने श्वान को बच्चे के शव के साथ दिखा तो कड़ी मशक्कत के बाद उसे श्वान से मुक्त कराया जा सका। इस वाकये की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं, घटना की जानकारी के बाद मौके पर बारां के तहसीलदार मनोज खत्री व कोतवाली सीआई पुलिस जाप्ते के साथ पहुंचे और शव को जांच के लिए अस्पताल भेज दिया। कोतवाली सीआई रामविलास मीणा ने बताया कि नवजात का शव एक दिन पुराना है। इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## कोर्ट के बाहर दो पक्ष भिड़े, जमकर चली लाठियां



**कोटा।** जिले के सांगोद में एसडीएम कोर्ट के सामने दो पक्ष आपस में उलझ गए। दोनों तरफ से जमकर लाठियां चली। दोनों ही तरफ के लोगों ने एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोनों गुटों के संघर्ष में 5 लोग घायल हुए हैं। तीन गम्भीर घायलों को कोटा रेफर किया गया है। घटना मंगलवार दोपहर 12 बजे के आस-पास की है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहा है। सांगोद थानाधिकारी चंद्रज्योति ने बताया कि विनोदकला निवासी प्रेमचंद गुर्जर और नरेंद्र उर्फ बंटी गुर्जर के बीच विवाद चल रहा है। देवकरण और प्रेमचंद भाई हैं। इनमें एक महीने पहले भी मारपीट हुई थी।

निवाई विधायक ने कहा- संकल्प को पूरा करने के लिए योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचे

# मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में दिखी विकसित भारत की झलक

बेधड़क | टोंक



जिले में तीन दिवसीय विकसित भारत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का बुधवार को शुभारंभ हुआ। निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने इसका शुभारंभ किया। प्रदर्शन में 2047 के विकसित भारत की झलक देखने को मिली।

प्रदर्शन को देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। इस मौके पर विधायक वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जरूरी है कि सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक पहुंचे। इसी उद्देश्य की पूर्ति में विकसित भारत संकल्प यात्रा और विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी जैसे उपक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम के सभागृह में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के जयपुर प्रादेशिक कार्यालय की ओर से ये प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके उद्घाटन के अवसर पर एमएलए वर्मा ने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में युवा पीढ़ी का योगदान सबसे ज्यादा रहेगा। यदि प्रत्येक युवा अपने कर्तव्यों को पहचानकर उसके अनुरूप अपने जीवन की दिशा तय करेगा तो इससे न सिर्फ उसका परिवार, गांव बल्कि देश भी आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि पीएम मोदी पूरे भारत को एक परिवार मानकर सबकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भारत को मजबूत, विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास करने हैं।

### सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगी प्रदर्शनी

कार्यक्रम के प्रारंभ में संयुक्त निदेशक रामखिलाड़ी मीणा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे राजस्थान में आयोजित किए जा रहे हैं। इनका प्रमुख उद्देश्य मनोरंजक तरीकों से शासन की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि टोंक में यह प्रदर्शनी 12 जनवरी तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आम जनता के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

### स्टॉल्स पर मिल रही जानकारी

आईसीडीएस की उपनिदेशक सरोज मीणा ने उनके विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक भारत भार्गव ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य व चिकित्सा विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, डाक विभाग आदि विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल भी लगाए गए थे। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला, केंद्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त निदेशक रामखिलाड़ी मीणा, जिला परिषद सदस्य लवेश मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल बैरवा, आईसीडीएस की उपनिदेशक सरोज मीणा, पूर्व जि.प. सदस्य नरेश बंसल, प्रधानाचार्य शंकर शंभू गोगवाल, सहकारी सेवा समिति के अध्यक्ष उमराव सिंह, नीलिमा आमेरा, बबलू टेकर, शंकर विजय, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

पूजा-अर्चना के बाद डीग के बहज गांव में शुरू हुआ उत्खनन कार्य

# श्रीकृष्ण जन्म और लीला स्थली बृज की खुलेंगी ऐतिहासिक परतें

बेधड़क | भरतपुर

पुरातत्व विभाग ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की जताई संभावना



दुनियाभर में श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में पहचान रखने वाले बृज क्षेत्र की संस्कृति और कालखंड को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आएंगी। इसको लेकर पुरातत्व विभाग ने बुधवार को डीग के बहज गांव में उत्खनन कार्य शुरू किया है। इसके माध्यम से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग अब बृज क्षेत्र की संस्कृति और कालखंड की पड़ताल करेगा। इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने डीग जिले के बहज गांव में एक ऐतिहासिक टीले का उत्खनन कार्य शुरू कर दिया है।

संभावना जताई जा रही है कि इस टीले के उत्खनन से बृज क्षेत्र के इतिहास को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां निकलकर आ सकती हैं। साथ ही भारतीय ग्रंथों में बताई गई बृज क्षेत्र की विशेषताओं को लेकर भी पड़ताल की जाएगी। इसके तहत बृज क्षेत्र के कालखंड को लेकर भी पड़ताल की जाएगी। पुरातत्व विभाग के सुपरीटेंडेंट विजय गुप्ता ने बुधवार को बहज गांव में खुदाई से पूर्व ऐतिहासिक टीले और औजारों की पूजा अर्चना की। उसके बाद गांव में रामपुरा थोक के टीले की खुदाई कार्य शुरू किया गया। सुपरिटेंडेंट विजय गुप्ता ने बताया कि खुदाई के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से अनुमति ली गई है। उन्होंने बताया कि यहां करीब दो से तीन महीने तक खुदाई कार्य किया जाएगा। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के निर्देशन में करीब 50 लोगों की टीम उत्खनन में जुटी है।

### बृज के इतिहास की मिल सकेगी जानकारी

पुरातत्व विभाग के सुपरीटेंडेंट विजय गुप्ता ने बताया कि बहज गांव बृज क्षेत्र का ही हिस्सा है। पूरे बृज का इलाका ऐतिहासिक क्षेत्र है। यहां के कई गांवों में ऐतिहासिक टीले मौजूद हैं। ऐसे में विभाग ने बहज गांव के इस विशाल टीले के कुछ भाग में उत्खनन कार्य शुरू किया है। गुप्ता ने आगे बताया कि उत्खनन का उद्देश्य बृज की संस्कृति की प्राचीनता की खोज करना है। इसका समय सबसे नीचे के स्तरों में कहां तक जाता है, किस-किस कालखंड के अवशेष प्राप्त होते हैं, यह सब देखना है। संभावना है कि यहां उत्खनन कार्य करने से बृज क्षेत्र की संस्कृति और कालखंड से जुड़े हुए कई महत्वपूर्ण अवशेष मिल सकते हैं।

### जैन अभिलेखों में बहज गांव का नाम वज नगर

विजय गुप्ता ने बताया कि जैन अभिलेखों में बहज गांव का जिक्र वज नगर के रूप में पाया जाता है। वज नगरी शाखा प्राप्त होती है। बहज गांव के इन टीलों का जिक्र भी कंकाली टीलों के रूप में मिलता है। वज नगरी से इसके नाम का बहज हो गया। गुप्ता ने बताया कि गांव के प्राचीन टीले का अधिकांश भाग आबादी में जाता जा रहा है। उत्खनन के लिए थोड़ा टीला ही उपयोग में लिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बढ़ती आबादी के चलते अगर अभी उत्खनन नहीं किया गया तो भविष्य में इस क्षेत्र का अध्ययन करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए इस टीले के अध्ययन के लिए उत्खनन कार्य किया जा रहा है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

# तेज रफ्तार कार लोहे के पाइपों से भरे ट्रोले में घुसी, तीन लोगों की मौत



बेधड़क | अलवर

जिले में दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह 8.30 बजे अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र के मुकुंदरा पुलिया के पास हुआ। चालक को नींद की झपकी लगने से तेज रफ्तार एसयूवी कार लोहे के पाइपों से भरे खड़े ट्रोले में जा घुसी।

हादसा इतना भयानक था कि टक्कर लगने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए और शव शीशे तोड़ते हुए बाहर लटक गए। पुलिस के अनुसार हादसा जिले रैणी थाना इलाके की मुकुंदरा पुलिया के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के रहने वाले तीन लोग कार से जयपुर की तरफ जा रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि कोहरा या फिर चालक की झपकी लगने के कारण कारण खड़े ट्रोले में जाकर टकरा गई। हादसे में निशांत जैन, अनूप जैन और लालबाबू ताती की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रोले में फंसी कार को बाहर निकला और फिर शवों को रैणी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### बुरी तरह कार में फंसे शव

पुलिस ने बताया कि टक्कर की तेज आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि शव शीशे टूटने के कारण बाहर लटक रहे हैं। लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन वह कार में बुरी तरह फंसे हुए थे। ऐसे में सूचना देकर क्रेन को बुलाया गया, जिसके बाद शव बाहर निकाले गए।

समाचार पत्र वितरक महासंघ की ओर से हुआ आयोजन

# पौषबड़े का भोग लगा की महाआरती

बेधड़क | जयपुर



अल्बर्ट हॉल स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में समाचार पत्र वितरक महासंघ की ओर से 22 जनवरी को अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा निर्विघ्न रूप से संपन्न होने की मंगल कामना के साथ महाआरती एवं पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

भक्तों ने 5100 दीपकों से भगवान श्रीराम की महाआरती की। समाचार पत्र वितरक महासंघ के संगठन महामंत्री एवं पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समाचार पत्र वितरक बंधु घर-घर पीले अक्षत बांटकर सभी से 5 दीपक जलाकर दिवाली मनाने का आह्वान कर रहे हैं। इस मौके पर भक्तों ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बालमुकुंदाचार्य, विधायक गोपाल शर्मा, पार्षद कुसुम यादव रही। अमरनाथ महाराज ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, कन्हैया लाल यादव, सावंत सिंह राठौड़, संजय यादव, राजेश यादव, घनश्याम यादव, सत्यनारायण शर्मा सहित सैकड़ो वितरक बंधु उपस्थित रहे ।

विद्यार्थियों की रुचि अनुसार विशेषज्ञों ने की कॅरिअर काउंसलिंग

# RSV के एजुकेशन फेयर में दिखा उत्साह

बेधड़क | बीकानेर



जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित आरएसवी हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित एजुकेशन फेयर में विद्यार्थियों का खासा उत्साह देखने को मिला।

प्रवक्ता रविंद्र भटनागर ने बताया कि नामी यूनिवर्सिटीज द्वारा एजुकेशन फेयर में सहभागिता निभाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए विभिन्न आयाम से परिचित करवाने के लिए उनकी रुचि के अनुरूप विशेषज्ञों ने उनकी काउंसलिंग की। आरएसवी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की सभी शाखाओं में अध्यनरत कक्षा 11 व 12 के 500 से अधिक विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग में मोदी यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, एसपीएसयू, आरयूएस एजुकेशन, बिस्ती यूनिवर्सिटी, सिल्वरओक यूनिवर्सिटी ने सहभागिता निभाई। प्रमुख वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर धीरज शर्मा ने विद्यार्थियों से सामूहिक चर्चा की और प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता के सूत्र बताए। इस दौरान बताया गया कि विद्यार्थियों को अगर अपने जीवन में आगे बढ़ाना है तो उन्हें अपने कंफर्ट जोन से बाहर आना होगा और अपनी स्किल को डेवलप करना होगा।

सर्वप्रथम विद्यार्थी को अपनी रुचि और उसके अनुसार अपने पैशन को पहचानना होगा। विद्यार्थियों को विशेषज्ञों ने बताया कि सोशल मीडिया का प्रयोग मात्र अपने मनोरंजन के लिए नहीं करें बल्कि अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए करें तो निश्चित रूप से लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के मैनेजर नीरज श्रीवास्तव ने किया।

उर्स की शुरुआत 13 से

# ख्वाजा की दरगाह में आज होगी संदल उतारने की रस्म

बेधड़क | अजमेर



ख्वाजा गरीब नवाज के 812वें उर्स की शुरूआत से पहले गुरुवार को संदल उतारने की रस्म अदा की जाएगी। चांद दिखाई देने पर 13 जनवरी से उर्स की विधिवत शुरूआत होगी। वैसे उर्स की अनौपचारिक शुरुआत सोमवार को बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाने के साथ हो गई है और इसके बाद से दरगाह में जायरीनों की आवक भी बढ़ गई है।

चांद दिखाई देने के बाद उर्स की विधिवत शुरूआत होने पर 13 जनवरी को 6 दिन के लिए जन्नती दरवाजा खोला जाएगा। उर्स को लेकर दरगाह कमेटी, पुलिस व प्रशासन की ओर से इंतजाम किए जा रहे हैं। दरगाह के खादिम कुतुबुद्दीन सखी ने बताया की सालभर ख्वाजा साहब की मजार पर संदल पेश किया जाता है और यह संदल चांद की 28 तारीख को उतारने की परंपरा रही है। ऐसे में गुरुवार को उतारे जाने वाले संदल को जायरीनों में वितरित किया जाएगा। चांद दिखने के साथ ही 13 जनवरी को अजमेर दरगाह के 812वें उर्स की शुरूआत हो जाएगी। इसके साथ ही प्रतिदिन मजार पर महफिल की रस्मों का आगाज हो जाएगा।

सखी ने बताया कि 19 जनवरी को गरीब नवाज की छठी होगी और इसी दिन कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन होगा। बड़े कुल की रस्म 22 जनवरी को अदा की जाएगी। खादिम ने बताया कि 13 जनवरी को बॉलीवुड की ओर से ख्वाजा को चादर पेश की जाएगी और बॉलीवुड कलाकारों की सलामती के लिए विशेष दुआ मांगी जाएगी। बॉलीवुड की चादर दरगाह के निजाम गेट से जुलूस के रूप में शुरू होकर गरीब नवाज की बारगाह में पेश की जाएगी।

### 13 को खुलेगा जन्नती दरवाजा

13 जनवरी की चांद रात को तड़के 4 बजे जायरीनों के लिए जन्नती दरवाजा खोला जाएगा। इसे सालभर में चार बार खोला जाता है, लेकिन उर्स में यह सबसे ज्यादा 6 दिन के लिए खुलता है। दरगाह के खादिम कुतुबुद्दीन सखी ने बताया कि जन्नती दरवाजे पर सालभर जायरीन मन्नत का धागा बांधते हैं। दरगाह से जुड़े लोग बताते हैं कि बुलंद दरवाजा करीब 500 साल पुराना है। 14वीं-15वीं शताब्दी में खिलजी वंश ने इस दरवाजे का निर्माण करवाया था। इस दरवाजे की ऊंचाई 75 फीट है। हर साल इसी दरवाजे पर झंडे की रस्म निभाई जाती है। आस्थावान लोगों के बीच बुलंद दरवाजे की विशेष मान्यता है।

### चाक-चौबंद रहेंगे सुरक्षा इंतजाम

ख्वाजा साहब के उर्स में दरगाह शरीफ में आने वाले जायरीन के लिए जिला प्रशासन और दरगाह कमेटी मेंबर ने माकूल बंदोबस्त किए हैं। इस साल उर्स में करीब 2.50 से 3.50 लाख जायरीन और हजारों की संख्या में वाहनों के पहुंचने की उम्मीद है। इसको देखते हुए सुरक्षा के लिए सैकड़ों की तादाद में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं पाकिस्तान से जायरीनों के आने की संभावना के चलते भी सुरक्षा एंजेंसियां सक्रिय हैं।

# वर्दी का रौब दिखाकर कांस्टेबल ने किया दुष्कर्म

बेधड़क | अजमेर

जिले में एक महिला से पुलिस कांस्टेबल द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी कांस्टेबल ने महिला का अपहरण कर डरा-धमकाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

महिला का आरोप है कि आरोपी कांस्टेबल ने उसके परिवार को चोरी के मुकदमे में गुंडो से मरवाने धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि महिला ने शिकायत में बताया कि साल 2016 में उसकी शादी हुई थी। उसके पति से विवाद होने के चलते तलाक का विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। कुछ समय पूर्व कांस्टेबल हिम्मत कौशिक से उसकी पहचान हुई थी। बातचीन के दौरान कांस्टेबल ने महिला का फोन नंबर ले लिया। बाद में कॉल कर बात करने का दबाव बनाने लगा। महिला ने बात करने से मना किया तो पुलिस का रौब दिखाकर कांस्टेबल उससे जबरदस्ती बात करता था। महिला ने जब पिता और भाई को इस बारे में बताया तो परिवार ने उसे बुलाकर कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके बाद आरोपी पुलिसकर्मी ने तीन-चार बार माफी नामा लिखकर दिया था। महिला का आरोप है कि अक्टूबर 2023 में वह बागेश्वर धाम जा रही थी। यह बात आरोपी कांस्टेबल को पता चल गई तो वह पीछे-पीछे रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंच गया। आरोपी उसे डरा-धमकाकर अपने गांव ले गया। उसे कमरे में बंधक बना लिया और दुष्कर्म करता रहा।

### एनसीसी कांप्लेक्स गांधीनगर में कैडेट्स के लिए आरबीआई का कार्यक्रम

# बैंक अधिकारियों ने एनसीसी कैडेट्स को दिया वित्तीय ज्ञान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रथम राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी कॉम्प्लेक्स गांधीनगर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एनसीसी कैडेट्स के लिए वित्तीय साक्षरता और आरबीआई में कॅरिअर पर एक रोचक कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में प्रथम राजस्थान गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल बीएमएस परमार, सूबेदार मेजर कृष्ण शर्मा, एनसीसी स्टाफ और कैडेट्स उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को वित्तीय साक्षरता के महत्व और आरबीआई में कॅरिअर के अवसरों के बारे में जागरूक करना था। मीडिया कोऑर्डिनेटर नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में आरबीआई के राजस्थान क्षेत्रीय निदेशक व मुख्य महाप्रबंधक नवीन नाम्बियन, एनसीसी राजस्थान निदेशक कर्नल जितेंद्र कुमार, जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार, आरबीआई के उपमहाप्रबंधक विकास अग्रवाल व डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को वित्तीय साक्षरता के लाभ और आरबीआई की भूमिका व जिम्मेदारियों के बारे में बताया। उन्होंने कैडेट्स को आरबीआई में कॅरिअर बनाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया।



### कैडेट्स ने दीं लाजवाब सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

इस कार्यक्रम में कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर जोश और उत्साह से भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स ने एकल गीत व साइबर सुरक्षा पर रोल प्ले की प्रस्तुति दी। वनस्थली विद्यापीठ के कैडेट्स ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। जेडब्ल्यू कैडेट्स वनस्थली विद्यापीठ ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने पुराने अखबारों से उपयोगी चीजें बनाईं। इस अवसर पर आरबीआई की ओर से कैडेट्स के लिए क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें वित्तीय साक्षरता से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विजेता कैडेट्स को आरबीआई की ओर से पुरस्कार वितरित किए गए।

## Yuva स्टोरीज


# कालिदास नाट्याश्रित चित्रों पर किया शोध

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग के सहायक आचार्य कपिल शर्मा ने कालिदास के नाटकों पर आधारित भारतीय चित्र कृतियों पर शोध कार्य संपूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। कपिल शर्मा ने 'कालिदास नाट्याश्रित भारतीय चित्र कृतियों का अध्ययन (रस सिद्धांत के विशेष संदर्भ में)'।

विषय पर शोध किया। शर्मा ने अपनी पीएचडी के द्वारा इस प्रश्न का उत्तर खोजा है कि कालिदास का नाट्य साहित्य अभी तक पाठक और दर्शकों के भीतर रस निष्पत्ति करता आया है, परंतु क्या कालिदास के नाट्य साहित्य पर बनी भारतीय चित्र कृतियां भी रस निरूपण करने में सक्षम हैं अथवा नहीं।

इन्होंने अपने शोध कार्य के दौरान देश भर के नामचीन चित्रकारों जैसे राजा रवि वर्मा, राम गोपाल विजयवर्गीय, डॉ. नाथू लाल वर्मा, रमेश चंद्र एन राठौड़, सूर्यकांत त्रिपाठी,



जयशंकर शर्मा आदि की कृतियों को शामिल किया है। इनकी शोध निर्देशिका राजस्थान विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग की प्रोफेसर डॉ. बीना जैन रहीं। कपिल शर्मा पिछले 10 सालों से विभाग में शिक्षण का कार्य कर रहे हैं। साथ ही वे जयपुर रंगमंच के जाने माने निर्देशक और अभिनेता के रूप में भी अपनी पहचान रखते हैं।



### बच्चे मंच पर साकार करेंगे देश की बहुरंगी संस्कृति

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी के सीताराम बाजार स्थित एवर शाइन सीनियर सेकंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव 20 जनवरी को रामनिवास बाग स्थित रविंद्र रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्टूडेंट्स मंच पर देश की गौरवमयी कला संस्कृति को साकार करेंगे। बच्चे नृत्य, गीत-संगीत की प्रस्तुतियां देंगे वहीं नाटक मंचन में अपनी अभिनय कला का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय निदेशक आयुष बैराठी ने बताया कि कोरोनाकाल के बाद पहली बार विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिख रहा है। बच्चे अपनी परफोर्मेंस की तैयारी में जुटे हैं। इसके लिए अलग-अलग समय में बच्चों को अभ्यास कराया जा रहा है। कोरियोग्राफर के निर्देशन में बच्चे डांस की खास तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में राजस्थानी, बंगाली और हिंदी गीतों पर ग्रुप डांस की प्रस्तुतियां खास आकर्षण का केंद्र होंगी। स्कूल के स्टूडेंट्स यक्षिका, यशस्वी, एकता, साक्षी, दिव्यांशी, नव्या, निकिता, अविका, युवराज, यश सहित अन्य बच्चे तैयारी में जुटे हैं।



### बच्चों ने दिखाई अनूठी प्रतिभा|

**जयपुर।** लक्ष्य की उड़ान फाउंडेशन की ओर से मानसरोवर में किड्स फैशन फेस्टिवल का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपना फैशन सेंस और नटखट अदाएं दिखाईं। कच्ची बस्तियों में रहने वाले अभावग्रस्त बच्चों ने कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा से लोगों का दिल जीत लिया। प्रदेश के कई क्षेत्रों से बच्चे कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । इस मौके पर लक्ष्य की उड़ान फाउंडेशन की किरण कुमावत और विजय कुमावत ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से कच्ची बस्ती के गरीब और बेसहारा बच्चों को पढ़ाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### CUET-2024: इस वर्ष 15 से 31 मई तक एग्जाम

# इस बार 300+ विवि देंगे एक ही परीक्षा से प्रवेश

**बेधड़क** | जयपुर

देश भर की यूनिवर्सिटीज में ग्रेजुएशन लेवल के कोर्स में दाखिले के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG 2024) के माध्यम से इस बार देश के 300 से अधिक संस्थान स्टूडेंट्स को प्रवेश दे सकते हैं। पिछले वर्ष 2023 में देश की 249 यूनिवर्सिटीज में CUET स्कोर के आधार पर दाखिले हुए थे। देश की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज पहले से ही इस एग्जाम के साथ जुड़ी हैं। अब स्टेट यूनिवर्सिटीज की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष के लिए CUET में 257 यूनिवर्सिटीज की भागीदारी तय हो चुकी है। नए जुड़ने वाले संस्थानों में स्टेट और प्राइवेट यूनिवर्सिटी ज्यादा हैं।

CUET कंडक्ट करवाने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के मुताबिक 2024 के लिए CUET के साथ जुड़ने के लिए लगातार नई यूनिवर्सिटीज व संस्थाएं अप्रोच कर रही हैं। ऐसे में तय माना जा रहा है कि इस बार यह संख्या 300 से ऊपर ही रहेगी। साथ ही एग्जाम में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स की संख्या भी इस बार अधिक रहने की संभावना है। NTA भी इस बार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को और बेहतर बना रही है ताकि छात्रों को किसी तरह की समस्या न हो। छात्रों को आवेदन के लिए पूरा समय दिया जाएगा। गौरतलब है कि इस वर्ष CUET का आयोजन 15 से 31 मई के बीच होगा।



### देश के बड़े संस्थान लगा चुके हैं मुहर

देश की कई बड़ी यूनिवर्सिटी CUET के साथ पहले ही जुड़ चुकी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, जेएनयू, यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद समेत अन्य संस्थान शामिल हैं। दिल्ली की इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, डॉ. बी आर अंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी, इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर विमेन भी इस लिस्ट में हैं। इस वर्ष दिल्ली फॉर्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी भी इससे जुड़ सकती है।

### इस बार रहेगा 17 दिन का शेड्यूल

यूनिवर्सिटी और स्टूडेंट्स की भागीदारी होने से NTA के सामने इस बार चुनौतियां भी अधिक हैं। इस बार एग्जाम के लिए 17 दिन का ही शेड्यूल तय किया है, जबकि पिछली बार एग्जाम एक महीने से भी ज्यादा समय तक चला था। NTA ने समय पर एग्जाम के साथ तीन हफ्ते के भीतर रिजल्ट जारी करने का भी लक्ष्य रखा है। एक बड़ा बदलाव यह हो रहा है कि छात्र को 10 नहीं, बल्कि 5 या 6 विषयों को चुनने का विकल्प मिलेगा। दूर-दराज के इलाकों में भी एग्जाम सेंटर बनाने के लिए शिक्षा संस्थानों से बातचीत लगातार जारी है।

# छात्राओं ने किया आमेर-नाहरगढ़ भ्रमण

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की स्टूडेंट्स ने आमेर व नाहरगढ़ का भ्रमण कर यहां की सांस्कृतिक विरासत को जाना। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से बुधवार को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग तीन सौ छात्राओं ने आमेर व नाहरगढ़ का शैक्षणिक भम्रण किया। इस शिविर का उद्देश्य इन ऐतिहासिक विरासतों के सांस्कृतिक महत्व को जानना था। छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। इतिहास विभाग की प्राध्यापिका प्रियंका अग्रवाल ने छात्राओं को राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर की जानकारी दी और इतिहास को स्पष्टता से समझने में उनकी मदद की। शिविर के आयोजन में राष्ट्रीय स्वयं सेवा कार्यकारी अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत, डॉ. प्रगति नाटाणी और महिमा रामचंदानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भ्रमण से छात्राओं को आमेर की समृद्ध वास्तुकला और सांस्कृतिक महत्व की मूल्यवान जानकारी मिली। सांस्कृतिक प्रदर्शन और इंटरएक्टिव सत्र में छात्राओं को आमेर की विरासत से जुड़ने और आगामी पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का महत्व बताया गया।



# सीए मेंबर्स से रू-ब-रू होंगी जया किशोरी



**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा की ओर से सीए सदस्यों के लिए दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 'वेदा द पावर ऑफ नॉलेज' बिड़ला ऑडिटोरियम में शुक्रवार को शुरू होगी। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान सीए मेंबर्स को लाइफ स्टाइल पर टिप्स देने और स्प्रिच्युअल मोटिवेशन के लिए मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी का सेशन खास आकर्षण का केंद्र होगा। कॉन्फ्रेंस में देश भर से 2700 से अधिक सीए मेंबर्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। कॉन्फ्रेंस के डायरेक्टर सीए प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस कमिटी फॉर मेंबर्स इन प्रैक्टिस, आईसीएआई के माध्यम से करवाई जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी अपने टॉक शो के जरिए सीए मेंबर्स को जीवन जीने के लिए बेहतरीन तरीके से रूबरू करवाएंगी। सीए अनिल सिंघवी बिजनेस के कैपिटल मार्केट से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न स्पीकर्स के साथ-साथ आईसीएआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए सुनील तलाटी, सीए नीलेश विकम्से व अन्य सीए कॉउंसिल मेंबर्स भी सीए सदस्यों से रूबरू होंगे।




### अरमान ने मैथ ओलंपियाड में जीता गोल्ड

**जयपुर।** जयपुर के छठी कक्षा के स्टूडेंट अरमान अग्रवाल ने वर्ल्ड इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड (WIMO) में स्वर्ण पदक जीता है। जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल के अरमान यह उपलब्धि हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के छात्र हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि वे इस बेहद प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में अपने आयु वर्ग में सबसे कम उम्र के प्रतियोगी के रूप में उभरकर आए हैं। इस उपलब्धि पर अरमान का कहना है कि मैंने अपने शिक्षकों की मदद से इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी की।



**इनीशिएटिव** | प्रदेश के 402 पीएमश्री विद्यालयों में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

# स्पेशलिस्ट करेंगे स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के 402 पीएमश्री विद्यालयों में इस माह के दूसरे पखवाड़े में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से इन शिविरों के सफल आयोजन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए गतिविधियों के बारें मे दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पीएमश्री विद्यालयों में लगने वाले इन शिविरों में डॉक्टर्स के अलावा मनोवैज्ञानिक फार्मासिस्ट एवं नर्स व अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को पीएमश्री विद्यालयों के लिए निर्धारित गतिविधियों पर विशेष फोकस करने को कहा गया है। वर्तमान राज्य सरकार के संकल्प पत्र में भी इन विद्यालयों का विकास प्राथमिकता में शामिल है। दिलावर ने बताया कि पीएमश्री विद्यालयों में लगने वाले इन स्वास्थ्य शिविरों से स्वस्थ शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों के लिए माहौल तैयार होगा। शिविरों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधी इंडीकेटर्स की पहचान कर स्वास्थ्य कार्ड में जानकारी अपडेट की जाएगी।

चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा हेल्थ स्क्रीनिंग के आधार पर विद्यार्थियों को उचित उपचार के लिए दवाएं और परामर्श दिया जाएगा। इसके साथ ही अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### नो बैग डे से शुरू होंगे तीन दिवसीय शिविर

शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि प्रदेश के 402 पीएमश्री विद्यालयों में ये तीन दिवसीय विशेष कैम्प 'नो बैग डे' के दिन शनिवार से आरम्भ होंगे। पहले दिन स्वास्थ्य जागरूकता रैली, स्वास्थ्य संबंधी वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। आगामी कार्य दिवस को कैंप के दूसरे दिन पीएमश्री विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग होगी, इसके आधार पर चिकित्सा विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए आवश्यक परामर्श देंगे। शिविरों के तीसरे दिन विद्यार्थियों को चश्मा एवं कैलीपर जैसी सामग्री का वितरण किया जाएगा। वहीं चिकित्सा विशेषज्ञ बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को विशेष जानकारी देंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से सभी पीएमश्री विद्यालयों को स्वास्थ्य कैंपों के लिए फर्स्ट ऐड बॉक्स, वजन मापने की मशीन, थर्मामीटर, बीपी जांच उपकरण जैसी आवश्यक चिकित्सकीय सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन शिविरों के सफल आयोजन के सम्बंध में समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों एवं समग्र शिक्षा के जिला परियोजना समन्वयकों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।

### अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर...

# नए भारत की संकल्प शक्ति का प्रतीक



**गोपाल शर्मा**
बीजेपी विधायक
एवं वरिष्ठ पत्रकार

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में होने जा रहा प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रत्येक भारतवासी के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है। यह मंदिर नए भारत की संकल्प शक्ति और राष्ट्रीय चेतना के नवजागरण का प्रतीक है। सदियों लंबे संघर्ष, सैकड़ों कारसेवकों के बलिदान और करोड़ों हिंदुओं के अडिग समर्थन का यह सुखद परिणाम है कि हमारे प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। वह शुभ घड़ी आ रही है, जब अयोध्या के राम मंदिर में 140 करोड़ भारतवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मृगशिरा नक्षत्र में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इससे पहले 5 अगस्त, 2020 को प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ तो हर रामभक्त ने उस दिन को एक ऐसे पावन पर्व के रूप में मनाया, जो भारत के सांस्कृतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया। सदियों लंबे विवाद का संवैधानिक दायरे में निपटारा हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं का भी एक अनुपम उदाहरण है। श्री रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन ने भारतीय समाज में विभाजन की रेखाओं को मिटाने का काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप हमारा समाज जाति, पंथ, भाषा, क्षेत्र आदि से ऊपर उठकर संगठित हुआ है। संपूर्ण देश अब आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर हर क्षेत्र में कल्याणकारी परिवर्तन ला रहा है। साथ ही, भारत एक महाशक्ति के रूप में वैश्विक मंच पर पदार्पण कर रहा है।

**150 वर्ष तक बनी रही कानूनी उलझन:** ब्रिटिश हुकूमत के दौर में रामजन्मभूमि परिसर पर हिंदू समाज के दावे को खारिज किया जाता रहा। साल 1885 में सिविल अपील पर फैसला देते हुए जिला न्यायाधीश एफ.ई.ए. शेमियर ने लिखा, 'यह दुर्भाग्य की बात है कि ऐसे किसी स्थान पर मस्जिद बनाई गई जिसे हिन्दू पवित्र मानते हैं। 365 वर्ष पहले घाटी घटना की शिकायत इतनी देर हो जाने के बाद दूर नहीं की जा सकती।' देश की आजादी के बाद एक नई जनचेतना का संचार हुआ। सदियों पहले एक विदेशी आक्रांता द्वारा मंदिर तोड़कर बनाई गई मस्जिद का विरोध और मुखर होने लगा। इसी दौरान, 22-23 दिसंबर, 1949 की रात जन्मभूमि परिसर में रामलला का प्राकट्य हुआ। आजादी के बाद भी कानूनी लड़ाई जा रही। राममंदिर निर्माण के लिए प्रत्यक्ष कार्यक्रमों की शुरुआत 1989 में हुई। प्रयाग में महाकुंभ के अवसर पर संत महासम्मेलन और तृतीय धर्मसंसद हुई। हजारों साधु-संतों के साथ प्रमुख संत देवरहा बाबा की उपस्थिति महत्वपूर्ण थी। 30-31 जनवरी को धर्मसंसद में घोषणा की गई, 'श्रीरामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए भारत के हर गांव से एक-एक श्रीराम शिला (ईंट) और हर हिंदू से सवा-सवा रुपया लिया जाए।' 1 फरवरी को साधु-संतों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के सामने देवरहा बाबा ने विश्व हिंदू परिषद को कहा कि वह संतों के मार्गदर्शन में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का जीर्णोद्धार करे। इसी महासम्मेलन में कार्यक्रम बना कि देश के प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर से पूजित शिलाएं प्रखंडों, विकास खंडों, ब्लॉक या पंचायत स्तर पर श्रीराम महायज्ञ का आयोजन करते हुए अयोध्या पहुंचेंगी। नवरात्र से शुरू हुए रामशिला पूजन के कार्यक्रम भारत के अधिकांश गांवों-नगरों के साथ विदेशों में भी हुए। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, रूस, चीन सहित 34 देशों से रामशिलाएं भारत आईं।

**राम मंदिर के लिए धनराशि जुटाने का प्रयास:** रामजन्मभूमि न्यास ने राम मंदिर निर्माण के लिए धन एकत्रित करने की योजना भी बनाई। उसमें, 8,29,31,000 रुपए एकत्रित हुए। विश्व के अनेक देशों में रहने वाले हिंदुओं ने मंदिर के निर्माण के लिए धनराशि भेजी थी, लेकिन केंद्र सरकार ने विश्व हिंदू परिषद और रामजन्मभूमि न्यास को यह राशि प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी। कुल 2,97,633 स्थानों पर रामशिला पूजन हुआ, जिसमें 10 करोड़ 98 लाख लोग शामिल हुए। 4,251 स्थानों पर श्रीराम महायज्ञ हुए, जिनमें 3 करोड़ 24 लाख लोग उपस्थित हुए। प्राप्त सूचना के अनुसार अब तक 5500 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि अब तक राम मंदिर के निर्माण के जुटा ली गई है।



> मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि की मुक्ति से मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने तक के पांच सौ वर्ष चले महाभियान में रामभक्तों ने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। सैकड़ों रामभक्तों के बलिदान ने विजिगीषु वृत्ति का निर्माण किया; बदला लेने या वर्ग विशेष को निशाना बनाने को प्रेरित नहीं किया। जिस तरह रामसेतु का निर्माण लंका विजय का आधार बना; वैसे ही, कारसेवा की घटनाओं ने रामजन्मभूमि मुक्ति का शंखनाद किया। बाबर के बर्बर आदेश को स्वतंत्र भारत की न्याय व्यवस्था ने लोकतांत्रिक ढंग से सर्वसम्मति से खारिज कर दिया; स्वतंत्र भारत की संप्रभुता के प्रखर नाद से पूरा विश्व गुंजायमान हो उठा। यह वैसा ही दृश्य था, जब चौदह वर्ष के वनवास और रावण वध के बाद भगवान राम अयोध्या लौटे।

**राम रथयात्रा ने खड़ा किया आस्था का जनज्वार:** उसी दौरान सोमनाथ से अयोध्या के लिए प्रारंभ हुई रामरथ यात्रा ने देश में आस्था का जनज्वार खड़ा कर दिया। पटना तक की यात्रा के 24 दिनों में एक नए अहसास, जोश भरे माहौल और कलियुग में राम के प्रति अपार श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत हुआ। जिधर से रामरथ गुजरता, वहां का संपूर्ण जनजीवन रथयात्रा का स्वागत करने सड़क पर आकर ठहर जाता। लोग घंटों पहले से रामरथ के इंतजार में बैठे रहते। जैसे ही रथ वहां आता, लोग खड़े होकर रथ को हाथ जोड़ते, उसका टायर या अन्य कोई हिस्सा छूकर अपने को धन्य समझते तथा रथ पर पुष्पवर्षा करते। ऐसे अनेक श्रद्धालु स्त्री-पुरुष देखने में आए, जो रथ के निकलने के बाद सड़क को स्पर्श कर हाथ माथे से लगा लेते। रथयात्रा को जो अपूर्व समर्थन मिला, उसके बारे में हर जगह के आम लोग कहते मिल जाते कि उन्होंने अपनी जिन्दगी में इतने जबर्दस्त जनसमर्थन का ज्वार उमड़ता नहीं देखा।

**चुनौतियों के बावजूद कारसेवा:** 30 अक्टूबर, 1990 को अयोध्या में 'परिंदे को पर नहीं मारने देने' के दावे और उसे पुलिस छावनी में बदल दिए जाने के बावजूद रामजन्मभूमि परिसर में कारसेवा हुई। इसके बाद तय हुआ कि 2 नवम्बर को कारसेवक फिर कारसेवा के लिए प्रस्थान करेंगे। एक नवंबर की शाम अर्धसैनिक बलों की और कंपनियां वहां पहुंचने लगीं। रात तक कोई पचास ट्रक सशस्त्र जवान अयोध्या में प्रविष्ट हो चुके थे। बैरियर-ड्रम लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया और सड़क के दोनों किनारों पर सशस्त्र जवान पंक्ति बनाकर खड़े थे। इन्हीं तैयारियों के साथ 2 नवंबर का सूर्य निकला। कार्तिक पूर्णिमा के इस पवित्र दिन, जब हजारों लोग सरयू स्नान के लिए अयोध्या आते हैं, अयोध्या खुद खून से नहा उठी... रामभक्तों के लहू से, निहत्थे और अहिंसक कारसेवकों के लहू से। दिगंबर अखाड़े से निकलकर कारसेवकों ने जन्मभूमि की ओर से प्रस्थान किया। 80 वर्षीय परमहंस रामचंद्रदास अपने दो अंगरक्षकों के साथ जीप पर बैठकर निकले। अखाड़े के बाहर ऊंची इमारतों की छत से निशाना साधे खड़े सशस्त्र बलों ने कारसेवकों पर गोलियों की बरसात कर दी। कारसेवक 'जय श्री राम' कहते हुए गिरने लगे। शवों को पुलिस उठा ले गई, जिनका पता नहीं चला। गोलियों की बरसात के बाद भी काफी कारसेवक आगे की गली में प्रवेश कर चुके थे। जो गोलियों से बचने के लिए मकानों में छिपे, उन्हें दरवाजे तोड़-तोड़ कर निकाला गया और निशाना लगा-लगाकर गोली मार दी गई। सैकड़ों कारसेवक रामधुन करते हाथ लंबे करते हुए दंडवत प्रणाम की मुद्रा में लेट गए। पुलिस उन पर भी बर्बरता करने से नहीं चूकी। उन्हें डंडों से, बंदूकों के कुंदों से, बूटों से कुचला गया और उन पर घोड़े दौड़ाए गए। कारसेवकों ने राम के नाम पर मरने की सौगंध खा रखी थी और माथे पर भगवा पट्टी बांधकर उस पर 'कफन' लिख दिया था। वे अपने हाथ और जांघ पर दो जगह नाम और पता लिखकर आगे बढ़े थे ताकि एक हिस्से का नाम-पता गोली लगने से पढ़ने में नहीं आए तो दूसरी जगह का पढ़ा जा सके।

**दिल्ली में रामभक्तों का ऐतिहासिक संगम:** प्रशासन की बर्बर कार्रवाई के लगभग पांच महीने बाद, 4 अप्रेल, 1991 को दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सामने बने बोट क्लब पर विराट हिंदू रैली हुई तो लगा जैसे जनसमुद्र उमड़ आया। शाम तक संपूर्ण दिल्ली बंद रही। विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर दिल्ली की सारी व्यावसायिक एसोसिएशनों ने अपना कारोबार बंद करने का निर्णय लिया था। दिल्ली के बाहर से 10-15 लाख के बीच में लोग आए थे। बोट क्लब से इंडिया गेट तक तो तिल रखने की जगह थी ही नहीं, उधर की दाएं-बाएं निकलने वाली सड़कें भी रामभक्तों से अटी पड़ी थीं। राम के नाम पर झूमते लोगों के इस अपार जनसमूह को देखकर लगता था जैसे सागर हिलोरें ले रहा हो। दिल्ली राममय और केसरिया हो उठी। यह जैसे रामभक्तों का महाकुंभ था। आजादी के बाद दिल्ली में कभी इतने लोग एक साथ इकट्ठे नहीं हुए थे। बोट क्लब के मंच से लेकर जनपथ और मानसिंह रोड तक के सवा दो किलोमीटर लंबे और करीब दो सौ मीटर से अधिक चौड़े इस क्षेत्र में केवल सिर-ही-सिर दिखाई दे रहे थे। सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक चली इस रैली में बोट क्लब का मैदान छोटा पड़ गया। खिसकते-खिसकते लोग मंच के नीचे तक पहुंच गए। पत्रकार दीर्घा की टेबलों और उनके नीचे भी लोग बैठे थे। कई युवा जान का जोखिम लेकर पेड़ों पर चढ़े हुए थे और डालियों से लिपटकर भाषण सुन रहे थे। कृषि भवन, शास्त्री भवन, प्रधानमंत्री सचिवालय और राष्ट्रपति भवन के परिसर के दक्षिण उत्तर ब्लॉक में लोग छतों पर खड़े थे या परिसर से बाहर निकल आए थे। जनसैलाब के बीच दोहराया गया कि हिंदू हितों का विरोध करने वाले दलों को वोट नहीं दिए जाएंगे। साधु-संतों के नेतृत्व में कई लाख लोगों ने राम जन्मभूमि पर राममंदिर निर्माण का संकल्प लिया। भिंची हुई मुट्ठियों और चिलचिलाती धूप में लाल होते चेहरों की चेतावनीपूर्ण हुंकार से आकाश गुंजायमान हो उठा।

**फिर आई निर्णायक घड़ी:** इस आंदोलन की सबसे बड़ी निर्णायक तिथि 6 दिसंबर, 1992 का पल-पल इतिहास था। 468 वर्ष पुराने बाबरी ढांचे के मलबे से प्राचीन मंदिर के शताधिक अवशेष निकले। मंदिर निर्माण समर्थक संगठनों की वर्षों की साधना पूरी हुई तो आम हिंदू जनमानस में इस घटना को लेकर कोई पश्चाताप नहीं था। यह लोकशक्ति और राष्ट्रीय विचारों की विजय थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक प्रो. श्रीराजेन्द्र सिंह(रज्जूभैया) ने कहा, 'यह ठीक है कि हमारे मतानुसार इस ढांचे को एक दिन वहां से हटना ही था, परंतु हमारी योजना इस तरह यह सब करने की नहीं थी। यह थोड़ा जल्दी और एकपक्षीय हो गया। हमारी योजना शांतिपूर्ण कारसेवा करने की थी, लेकिन दुर्भाग्य से केंद्र सरकार ने जिस तरीके से समस्या को उलझाया और उत्तर प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने के तेवर दिखाए एवं उच्च न्यायालय ने निर्णय लेने में जिस तरह से देरी की, उससे कारसेवक क्रुद्ध हो गए।' उस दिन की कार्रवाई का यह एक महत्वपूर्ण पक्ष था कि 2.5 लाख कारसेवकों की मौजूदगी और बाबरी ढांचे के विध्वंस के बाद बने माहौल के बावजूद, रामजन्मभूमि परिसर के आसपास के क्षेत्रों में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

**सांस्कृतिक स्वतंत्रता का जयघोष:** सैकड़ों वर्षों के पराजय, पराभव और पीड़ा के भीषण दौर के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण राष्ट्र जागरण के महामंत्र के रूप में उपस्थित हुआ है। सन् 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह से पूर्व यह राजनीतिक-सांस्कृतिक स्वतंत्रता का जयघोष है, जिसका स्वप्न आद्य सरसंघचालक प. पू. डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जीने स्वयंसेवकों की आंखों से देखा था। विश्व के इतिहास में यह सबसे लंबा और बड़ा आंदोलन है, जिसमें किसी-न-किसी रूप में करोड़ों नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और उसका आधार हिंसा और वैमनस्य को नहीं बनने दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि की मुक्ति से मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने तक के पांच सौ वर्ष चले महाभियान में रामभक्तों ने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। सैकड़ों रामभक्तों के बलिदान ने विजिगीषु वृत्ति का निर्माण किया; बदला लेने या वर्ग विशेष को निशाना बनाने को प्रेरित नहीं किया। जिस तरह रामसेतु का निर्माण लंका विजय का आधार बना; वैसे ही, कारसेवा की घटनाओं ने रामजन्मभूमि मुक्ति का शंखनाद किया। बाबर के बर्बर आदेश को स्वतंत्र भारत की न्याय व्यवस्था ने लोकतांत्रिक ढंग से सर्वसम्मति से खारिज कर दिया; स्वतंत्र भारत की संप्रभुता के प्रखर नाद से पूरा विश्व गुंजायमान हो उठा। यह वैसा ही दृश्य था, जब चौदह वर्ष के वनवास और रावण वध के बाद भगवान राम अयोध्या लौटे। एक बार फिर भव्य दीपावली मनाई गई। पूरे विश्व के हिंदू खुशी के आंसू बहा रहे थे, अपने जीवन को धन्य मान रहे थे और राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ताओं की कौशलयुक्त क्षमता का यशोगान कर रहे थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# तुम क्या जानो सोना बाबू औकात क्या होती है!



**प्रकाश हेमावत**
व्यंग्यकार

पद पैसा और प्रतिष्ठा यह मानवीय स्वभाव में बढ़ोतरी करने वाले पद और कद के अद्भुत तत्व हैं इन तीनों तत्वों के आपसी मिलन होने से औकात शब्द का निर्माण हुआ होगा शायद मेरे अल्पमत ज्ञान के अनुसार ऐसा कह सकते है। वह इसलिए कि मेरी इतनी औकात भी नहीं है कि मैं किसी की औकात पर कुछ बोलूं या फिर औकात को लेकर कुछ लिख दूं वैसे देखा जाए तो यह औकात निरंतर आदमी के व्यवहार में वृद्धि करता रहता है जैसे-जैसे आदमी का व्यवहार, पद, कद बढ़ता जाता है वैसे-वैसे औकात भी बढ़ती जाती है।

मेरा तो कभी औकात से पाला पड़ा नहीं क्योंकि अपनी तों हेई नहीं इसलिए अपने को कोई टेंशन नहीं है जिनकी है उनको टेंशन बताने की या फिर दिखाने की। यह समय के साथ चलते-चलते कभी-कभी प्रतिष्ठा का सवाल खड़ा कर देती है और फिर आदमी बोलचाल की भाषा में औकात का ध्यान नहीं रखता है और वह बात ही बात में अपनी बात औकात के रूप में कुछ कहने से कतई नहीं चुकत है यही कारण है कि औकात भी एक दिन अपनी औकात दिखा देती है तब तक आदमी अपनी सुध-बुध खो बैठता है जैसा आम बोलचाल की भाषा में शनिपात, पक्षाघात कहते हैं। औकात दिखाने के बाद आदमी को अपनी औकात का पता चल जाता है कि उसकी औकात कितनी है। मेरे साहित्य मित्र फर्जी पीएचडी में कुछ इस तरह से औकात को लेकर बयां किया है।

*औकात दिखाने की तमन्ना अब हमारे दिल में।*
*देखना है जोर कितना औकात बताने वाले में।।*

औकात आखिर है क्या? यह 3 शब्द मिलकर एक वाक्य ही तों है और क्या है। वैसे भी देखा जाए तो औकात , औकात ही होती है इसलिए इसकी अपनी एक औकात है और कोई अपनी औकात दिखाना चाहता है तो उसे औकात दिखाने के लिए कितनी औकात दिखानी की जरूरत पड़ेगी यह उसकी औकात पर निर्भर करता है कि , उसकी कितनी औकात है चाहे वह सड़क पर चलने वाला है या किसी बड़े वाहन में चलने वाला या फिर जहाज में ही क्यों ना हो? अब तुम क्या जानो मेरे सोना बाबू औकात क्या होती है? इस चक्कर में अपने घर में झगड़े हो गएं। अपनी औकात तो सड़क छाप है और इस औकात के लिए अपनी औकात को किसके लिए और अधिक औकात दिखाना पड़ती है , जैसे ऊपर वाला नीचे वाले को रोकने तथा दबाने के लिए कभी-कभी अपनी औकात दिखा देता है। कभी-कभी औकात की वजह से आदमी चारों खाने चित हो जाता है ठीक उसी प्रकार "न तूने सिग्नल देखा ना मैं सिग्नल देखा एक्सीडेंट हो गया रब्बा रब्बा। "यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि , साहित्य में हर शब्द को आलोचक की दृष्टि से देखने वाला और कल्पनाओं में कलात्मक विचारों से अपनी बात कहने वाला या फिर इस मामले में अपनी औकात दिखने वाला फर्जी साहित्यकार ने औकात को लेकर फिर युं कहा कि औकात को वैसे देखा जाए तो यह है कुछ नहीं लेकिन बहुत कुछ राज की तरह छिपा हुआ है यह बोलचाल की भाषा में औकात का ही खेल है। जनाब गौर फरमाएं-

*औकात की औकात में है, तीन शब्दों का खेल।*
*तलब करके निकाल देती, अच्छे अच्छो का तेल।।*
*गर किसी ने दिखाई अपने, व्यवहार में औकात।*
*तो मच जाती है औकात की चारों तरफ रेलमपेल।।*

हकीकत के आईने में कुछ सही बात लिखने में , कहने में आ जाती है क्योंकि , हम भुल गए आज से पांच साल पहले ऊपर वाले ने अपनी नाम मात्र की औकात दिखाई थी सबको अपनी अपनी औकात याद आ गई थी। उस समय घर में दूबक कर बैठ गए क्योंकि कोरोना वायरस ने अपनी औकात दिखाई थी। मजाल है कोई घर से बाहर निकल जाए। सच पूछो तो यह औकात एक टेंशन की तरह है जिसके पास है उसको टेंशन जिसके पास नहीं है उसको और अधिक टेंशन।

X



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
एक बार जब आप अपनी प्राथमिकताओं को करने और करने से हटाकर होने पर केंद्रित कर देंगे, तो आपका भाग्य आपके हाथों में होगा।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
जीवन में सफलता के लिए, भय, आलस, गुस्सा, लालच और जल्दबाजी ये पांच अवगुण तुरन्त त्याग देना चाहिए।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
हम कैसे सोचते हैं यह हमारे बोलने के तरीके को प्रभावित कर सकता है, लेकिन साथ ही, हमारी भाषा हमारी मानसिकता को भी बदल सकती है।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
ज़िंदगी का दूसरा नाम परिवर्तन है । अब चाहे वो परिवर्तन आप में हो, आपके रिश्तों में हो, आपके काम में हो या संसार में हो। उसे अपनाना सीखो।

### नॉलेज कॉर्नर: स्पेस में कभी नहीं होता सूर्यास्त और सूर्योदय

# अंतरिक्ष यात्री यूं करते हैं दिन और रात में फर्क

धरती पर रहने वाले लोगों के लिए 24 घंटे में एक बार सूर्योदय होता है और एक बार सूर्यास्त होता है। लेकिन सोचिए जो एस्ट्रोनॉट्स स्पेस स्टेशन में रहते हैं उनके लिए दिन और रात कैसे होती होगी। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि स्पेस में तो कभी सूर्यास्त होता ही नहीं है। दरअसल, पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है। इस चक्कर के हिसाब से ही पृथ्वी का जो हिस्सा सूर्य की सीध पर रहता है उधर दिन होता है और जो हिस्सा सूर्य की रोशनी के पीछे रहता है उधर रात होती है। सीधे तौर पर कहें तो स्पेस में सूर्यास्त और सूर्योदय नहीं होता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं स्पेस के बारे में...

### एस्ट्रोनॉट्स से मिलती है जानकारी

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी ISS 27,600 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी का चक्कर लगाता है। समय की बात करें तो 90 मिनट में यह धरती का एक चक्कर लगा लेता है। यानि जिस तरह पृथ्वी का आधा हिस्सा आधे समय सूर्य के सामने और आधे समय आधा हिस्सा सूर्य के पीछे रहता है। उसी तरह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन भी करीब आधा समय सूर्य की रौशनी और बाकी समय पृथ्वी की छाया में रहता है। यानी स्पेस स्टेशन एक चक्कर में लगभग 45 मिनट अंधेरे और 45 मिनट उजाले में रहता है। यानी 24 घंटे में स्पेस स्टेशन में 16 बार सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। हालांकि, स्पेस स्टेशन में एस्ट्रोनॉट्स के सोने के लिए जो कमरा होता है, उसमें कई हाइटेक व्यवस्था होती है। यानी बाहर भले ही रौशनी हो कमरे में पूरा रात का माहौल रहता है और इस माहौल में एस्ट्रोनॉट्स आराम से सो सकते हैं।



### 5 से 6 एस्ट्रोनॉट्स

धरती से बाहर स्पेस स्टेशन में हर समय औसतन 5 से 6 एस्ट्रोनॉट्स रहते हैं। इनमें अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, रूस की रॉस्कॉस्मॉस, यूरोप की ईएसए, जापान की जेएक्सए और कनाडा की अंतरिक्ष एजेंसी सीएसए के एस्ट्रोनॉट्स रहते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर इन लोगों को दिन और रात के बारे में कैसे पता चलता है। आपको बता दें, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पृथ्वी से 400 किलोमीटर की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह स्पेस स्टेशन वहां पर एक जगह स्थिर नहीं है, बल्कि अंडाकार पथ पर स्पेस स्टेशन लगातार पृथ्वी की परिक्रमा करता रहता है।

### इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के बारे में

*सामान्य तौर पर अंतरिक्ष यात्रा में कोई भी व्यक्ति स्पेस में रुक नहीं सकता है। ऐसे में एक ऐसे सैटेलाइट की जरूरत महसूस हुई, जिसमें वैज्ञानिक रुककर शोध कार्य कर सकें। इसके लिए 1998 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन लॉन्च किया गया। इसे बनाने में 100 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च हो चुके हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह से सोनिया, खरगे और अधीर रंजन ने किया किनारा... बताया निजी इवेंट

# भाजपा-RSS ने राम मंदिर को राजनीतिक परियोजना बना दिया: कांग्रेस

■ BJP की ओर से भेजा गया निमंत्रण किया अस्वीकार

एजेंसी | नई दिल्ली

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी शामिल नहीं होंगे।

कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने इसकी जानकारी दी है। पार्टी की ओर जारी बयान में कहा गया कि पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन स्वरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला।

इसमें आगे कहा गया कि भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है। बयान में कहा गया, स्पष्ट है कि एक अर्द्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए ही किया जा रहा है। 2019 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए और लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी भाजपा और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं।



### 25 लाख लोगों के आने की संभावना

राम मंदिर में 22 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित 6000 दिग्गज शामिल होंगे, जिनमें 4000 संत और करीब 2200 मेहमान हैं। इस दौरान छह दर्शनों के शंकराचार्य और करीब 150 साधु-संत भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में करीब 25 लाख लोग शामिल हो सकते हैं।

### ईरानी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

इस बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस को राम विरोधी बताया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, "कांग्रेस पार्टी का राम विरोधी चेहरा देश के सामने आ गया। इसमें कोई हैरान करने वाली बात नहीं है।" उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में जिस पार्टी ने अदालत के समक्ष हलफनामा दायर किया था कि भगवान राम काल्पनिक हैं, उसके नेतृत्व ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा, कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में राम मंदिर के लिए कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में देरी की।

### 22 को पहुंचेंगे आडवाणी

अयोध्या में राम मंदिर के लिए आंदोलन में सबसे आगे रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल होंगे। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने इसकी जानकारी दी है। अभी तक उनकी तबीयत और उम्र को देखते हुए कहा जा रहा था कि शायद वे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न हो सकें, लेकिन अब उनकी उपस्थिति पर मुहर लग गई है। आडवाणी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए पहले ही निमंत्रण दिया गया था।

## पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को मिली बड़ी राहत



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट से बुधवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को बड़ी राहत दी। हाई कोर्ट ने नायडू को तीन मामलों में जमानत दे दी। पूर्व सीएम पिछले कई महीनों से जेल में बंद चल रहे थे। जमानत देते हुए हाई कोर्ट ने उन्हें तीनों मामलों की जांच में सहयोग करने का आदेश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ इनर रिंग रोड मामला, शराब मामला और रेत नीति मामला में जांच चल रही है।हाई कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि सार्वजनिक बैठकों और मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहीं भी मामले से जुड़ी बातों का जिक्र न किया जाए।

## एमपी व आंध्र प्रदेश में भाजपा करेगी महिला सम्मेलन

**नई दिल्ली।** आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा आधी आबादी तक पहुंच बनाने और उससे संपर्क साधने में एड़ी चोटी से लग गई है और इस काम को भाजपा का महिला मोर्चा अंजाम दे रहा है जो महिला मतदाताओं से जमीनी स्तर पर संपर्क बनाने और केंद्र सरकार की योजनाएं उन तक पहुंचाने में लगा है। महिला मतदाताओं तक सरकार की योजनाओं और लाभों को पहुंचाने में जुटी महिला मोर्चा और महिला कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर दो महिला सम्मेलन करने वाली है। एक सम्मेलन उत्तर भारत में और दूसरा दक्षिण भारत में होगा। उत्तर का सम्मेलन मध्य प्रदेश में और दक्षिण का महिला सम्मेलन आंध्र प्रदेश में होगा।

## महाराष्ट्र पॉलिटिक्स: स्पीकर के फैसले से उद्धव गुट को बड़ा झटका

# विधायकों की अयोग्यता याचिका खारिज, सीएम बने रहेंगे एकनाथ

एजेंसी | मुंबई

### विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना

महाराष्ट्र की राजनीति के लिए बुधवार का दिन बड़ा अहम रहा। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में 1200 पन्नों का फैसला सुनाया। विधानसभा स्पीकर ने अपने फैसले में शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना। साथ ही 16 विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी। फैसले के अहम बिंदुओं को पढ़ते हुए उन्होंने कहा कि जब पार्टी में बंटवारा हुआ था, तब शिंदे गुट के पास 37 विधायकों का समर्थन था। ऐसे में उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है।

उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने भी इसे मान्य करार दिया था। फैसला सुनाते हुए विधानसभा स्पीकर ने कहा कि इस मामले में कुछ चीजें हैं जिन्हें समझना जरूरी है और वे हैं - पार्टी का संविधान क्या कहता है। जब पार्टी में टूट हुई उस समय नेतृत्व किसके पास था। इसके अलावा एक बड़ी चीज जो है वह यह कि विधानमंडल में बहुमत किसके पास था। उन्होंने यह भी कहा कि इन सबके अलावा साल 2018 में शिवसेना के संविधान के मुताबिक की गई नियुक्तियों पर भी विचार किया गया है। नार्वेकर ने कहा कि दोनों गुट ही असली शिवसेना होने का दावा कर रहे थे ऐसे में मेरे सामने असली मुद्दा पार्टी पर असली दावे का था। ऐसे में चूंकि चुनाव आयोग ने शिवसेना को असली दल माना था ऐसे में मैनें भी उसे ही आधार बनाया है। मामले में उद्धव गुट के अंबादास दानवे ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और इस फैसले को चुनौती देंगे। यह फैसला गलत है। अगर यह फैसला देना ही था तो इतना समय क्यों लिया?





### असली पार्टी की दलील खारिज

विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने असली पार्टी की उद्धव गुट की दलील को भी खारिज कर दिया। उन्होंने निष्कर्ष देते हुए कहा कि जब बागी गुट बना उस वक्त शिंदे गुट ही असली शिवसेना था। 22 जून के मुताबिक शिंदे गुट ही असली शिवसेना के रूप में मान्य है। स्पीकर के इस फैसले से उद्धव गुट को बड़ा झटका लगा है।

### 2013 और 2018 में नहीं हुए चुनाव

राहुल नार्वेकर ने फैसले को पढ़ते हुए आगे कहा कि जब मैनें शिवसेना पर दोनों गुटों के दावे के संबंध में पड़ताल की तो पता चला कि शिवसेना संगठन में 2013 और 2018 में कोई चुनाव नहीं हुए। इसके अलावा, 2018 का संशोधित संविधान चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है। इस वजह से हमने शिवसेना के 1999 के संविधान को ही मान्य किया है।

### फैसला कोई न्याय नहीं है, ये एक षड्यंत्र: राउत

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले के बाद से ही सियासी जगत में प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। कोई इस फैसले से खुश दिखा तो किसी ने इससे नाखुशी जाहिर की। शिवसेना सांसद राउत ने कहा कि आज का फैसला कोई न्याय नहीं है, ये एक षड्यंत्र है, हम सुप्रीम कोर्ट जरूर जाएंगे। संजय राउत ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को लेकर अपशब्द भी कहे। साथ ही उन्होंने इस फैसले के बाद जश्न मना रहे लोगों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग तालिया बजा रहे हैं, उनकी स्थिति मुसोलिनी जैसी होगी।

### जो मंजूर-ए-नरेंद्र मोदी, वही होगा: प्रियंका

उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं है। हमने सुना था वही होता है जे मंजूर-ए-खुदा होता है... 2014 के बाद एक नई परंपरा शुरू हुई है, वही होता है जो मंजूर-ए-नरेंद्र मोदी और अमित शाह होता है। यही हम महाराष्ट्र में होते हुए देख रहे हैं।

## राज्य सरकार ने कांग्रेस को दिए निर्देश

# मणिपुर: राहुल की 'भारत न्याय यात्रा' को दी सशर्त अनुमति

एजेंसी | इम्फाल



कांग्रेस पार्टी "भारत न्याय यात्रा' शुरू करने वाली है। मणिपुर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष के मेघचंद्र ने खास जगह के इस्तेमाल को लेकर जिला प्रशासन से अनुमति मांगी है। जिला दंडाधिकारी की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि कांग्रेस की "भारत न्याय यात्रा' के दौरान सार्वजनिक सभाओं के दौरान कांग्रेस पार्टी और इसमें शामिल लोगों को कानून व्यवस्था बरकरार रखनी होगी। पूर्वी इम्फाल जिला प्रशासन के आदेश में प्रशासनिक आदेशों का पालन करने का आह्वान किया गया है। कांग्रेस की अपील पर जिला दंडाधिकारी कार्यालय से जारी प्रशासनिक आदेश में कहा गया, प्रदेश कांग्रेस चीफ के मेघचंद्र ने मंच और बैरिकेड तैयार करने के लिए बुधवार, 10 जनवरी, 2024 से रविवार, 14 जनवरी, 2024 तक की अनुमति मांगी है। कांग्रेस ने हेप्ता कांगजीबुंग के परिसर का उपयोग करने की अनुमति मांगी है। इसका इस्तेमाल "भारत न्याय यात्रा' के उद्घाटन समारोह और सार्वजनिक सभाओं के लिए किया जाएगा। मणिपुर सरकार के संयुक्त सचिव (गृह) ने 10 जनवरी, 2024 को पत्र लिखकर राज्य सरकार के विचार और संबंधित एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि मामला बेहद संवेदनशील है। राज्य के मौजूदा हालात को देखते हुए प्रशासन ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हालात और कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### पूर्वी इम्फाल के SP की रिपोर्ट का जिक्र

जिला दंडाधिकारी ने कहा, मणिपुर कांग्रेस महासचिव (प्रशासन) एस जीतन सिंह ने 5 जनवरी, 2024 को पत्र लिखा है। इसके जवाब में इम्फाल पूर्व जिले के पुलिस अधीक्षक ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें कहा गया है कि भारत न्याय यात्रा की शुरुआत के मौके पर हेप्ता कांगजीबुंग पैलेस कंपाउंड में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। मौजूदा हालात को देखते हुए लोगों की बड़ी संख्या कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा कर सकता है।

## पार्टी नेताओं को सौंपी गई अलग-अलग दायित्व

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर, सौंपी जिम्मेदारियां

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिसमें विनोद तावड़े विभिन्न दलों के नेताओं के पार्टी में शामिल होने की कवायद की देखरेख करेंगे।

राधा मोहन दास अग्रवाल घोषणा पत्र की तैयारी का नेतृत्व करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इन महासचिवों में से एक सुनील बंसल भी हैं। जो प्रचार सहित प्रचार के विभिन्न पहलुओं की देखरेख करेंगे। कुछ महासचिवों की जिम्मेदारी मंत्रियों सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राज्य इकाइयों के साथ समन्वय करने की होगी। ताकि, लोकसभा अभियान के विभिन्न पहलुओं को आकार दिया जा सके।



इनमें कैलाश विजयवर्गीय, बंडी संजय कुमार और तरुण चुग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा अक्सर दूसरे दलों के ताकतवर नेताओं को अपने खेमे में शामिल होने के लिए लुभाती रही है, खासकर चुनावों के दौरान। लेकिन, कभी-कभी इससे पार्टी के पुराने लोगों में नाराजगी पैदा हो जाती है। इसलिए,पार्टी को सुचारू प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इस बार एक समिति गठित करने को मजबूर होना पड़ा है। नड्डा ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रियों भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव सहित पार्टी महासचिवों और वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बैठक की।

## कोविंद समिति ने कानूनी ढांचे में बदलाव के लिए मांगी थी राय


# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर मिले कई सुझाव

■ छह राष्ट्रीय दलों, 33 राज्य स्तरीय दलों को पत्र भेजे

एजेंसी | नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली "एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर बनी समिति को जनता से पांच हजार से अधिक सुझाव मिले हैं।

इस उच्च स्तरीय समिति ने पिछले हफ्ते देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए लोगों से सुझाव मांगे थे। सूत्रों ने कहा कि अब तक पांच हजार से अधिक ई-मेल प्राप्त हुए हैं। एक सार्वजनिक नोटिस में उच्च स्तरीय समिति ने कहा था कि 15 जनवरी तक प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा। पिछले साल सितंबर में गठन के बाद से समिति की अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं। इसने हाल में राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर एक साथ चुनाव कराने के लिए परस्पर सहमत तिथि पर उनके विचार मांगे थे। बाद में समिति ने पार्टियों को एक पत्र भी भेजा था।



छह राष्ट्रीय दलों, 33 राज्य स्तरीय दलों और सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को पत्र भेजे गए। समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग के विचार भी सुने हैं। इस मुद्दे पर दोबारा विधि आयोग को चर्चा के लिए बुलाया जा सकता है।

### ये है समिति का उद्देश्य

समिति का उद्देश्य लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगरपालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर गौर करना और सिफारिशें देना है। इस उद्देश्य के लिए संविधान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और उसके तहत बनाए गए नियमों और किसी अन्य कानून या नियमों में खास संशोधनों की जांच और सिफारिश करने की आवश्यकता होगी, ताकि एक साथ चुनाव कराने का उद्देश्य पूरा हो सके।

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024


# 'भारत को विकसित बनाने का संकल्प', तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनेगा: मोदी

■ प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन, 34 देश और 16 संगठन हो रहे शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

पीएम मोदी ने बुधवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का उद्घाटन किया। 10 से 12 जनवरी तक सम्मेलन के 10वें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय गेटवे टू द फ्यूचर है। सम्मेलन में 34 देश और 16 संगठन शामिल होंगे। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला, मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप जैसिंटो न्यूसी, तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 में शामिल हुए।

ग्लोबल समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के कोने-कोने में आपके लिए अवसर मौजूद हैं। इसके साथ ही उन्होंने अर्थव्यवस्था पर भरोसा जताते हुए कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनकर रहेगा और ये मोदी' की गारंटी है। वाइब्रेंट ग्लोबल गुजरात समित में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई की जमकर तारीफ की।



### भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। बीते 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि 10 साल पहले इंडियन इकोनॉमी 11वें नंबर पर थी, लेकिन अब 5वें पायदान पर पहुंच गई है। दुनिया की रेटिंग एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर भरोसा जताया है और इसके जल्द दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनने का अनुमान जाहिर किया है।

### 35,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी सुजुकी

सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने बुधवार को कहा कि मारुति सुजुकी इंडिया गुजरात में अपनी दूसरी विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 35,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य 2030-31 तक वार्षिक उत्पादन क्षमता को 40 लाख इकाई से अधिक तक बढ़ाना है।

### ग्रीन एनर्जी पैदा करेगा रिलायंस

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि गुजरात के ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में अगले 10 वर्षों तक रिलायंस निवेश जारी रखेगा। 2030 तक गुजरात की ग्रीन एनर्जी खपत का करीब आधा हिस्सा, रिलायंस उत्पादित करेगा। उन्होंने कहा कि रिलायंस ने जामनगर में 5,000 एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है। अंबानी ने कहा कि इससे बड़ी संख्या में ग्रीन नौकरियाँ पैदा होंगी और ग्रीन प्रोडक्ट और सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा।

### दो लाख करोड़ का निवेश करेगा अडाणी समूह

उद्योगपति गौतम अडाणी ने गुजरात में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की घोषणा की। इसमें मुख्य रूप से एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण में अडाणी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियों का सृजन होगा।

## जरूरी खबर

### कार-कंटेनर की टक्कर में भाजपा नेता की मौत



**औरैया।** कानपुर-इटावा हाईवे पर विपरीत दिशा में आ रही कार में सामने से कंटेनर ने टक्कर मार दी। बुधवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे हादसा हुआ। इसमें कार सवार भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की मौत हो गई। वह बुधवार सुबह किसी काम से कार से जा रहे थे। कानपुर-इटावा हाईवे पर जालौन ओवरब्रिज से विपरीत दिशा में जाते समय सामने से कंटेनर ने कार में टक्कर मार दी। इतनी तेज टक्कर थी कि कार कई बार पलटने के बाद डिवाइडर पर चढ़ गई। कार व कंटेनर के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने कार में फंसे स्कूल प्रबंधक को निकाल कर जिला अस्पताल भेजा।

### अनुच्छेद 370 पर फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका

**नई दिल्ली।** अनुच्छेद 370 पर फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट, जम्मू कश्मीर अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस और CPI (M) नेता यूसुफ तारिगामी ने ये याचिका दाखिल की है। जम्मू कश्मीर अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता मुजफ्फर शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए किया है। याचिका दायर करने का अधिकार संविधान ने दिया है। याचिका दायर करने का कारण जम्मू क्शमीर के लोगों का सम्मान है।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर गोवा में सरकारी छुट्टी



**पणजी।** गोवा सरकार ने बुधवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर 22 जनवरी को सरकारी कर्मचारियों और स्कूलों के लिए छुट्टी की घोषणा की। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कैबिनेट बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि इस दिन को दिवाली की तरह मनाया जाना चाहिए और इसलिए सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए छुट्टी घोषित करने का फैसला किया है।सीएम सावंत ने कहा, स्कूलों के साथ-साथ केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश होगा। तटीय राज्य में लोगों से समारोह मनाने की अपील करने वाले कई कार्यक्रम चल रहे हैं।

## दीवार से टकराकर चारमीनार एक्सप्रेस बेपटरी, हादसे में छह लोग घायल





**हैदराबाद।** हैदराबाद के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर हैदराबाद से चेन्नई जा रही चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में पांच लोग घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब सवा नौ बजे घटी। यह रेलवे स्टेशन ट्रेन का अंतिम गंतव्य है। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के अधिकारियों ने कहा कि जब ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, तो वह धीमी गति से चल रही थी। हालांकि, ट्रेन को जिस जगह पर रुकना था, वहां पर नहीं रुक सकी। ट्रेन की तीन डिब्बे एस2, एस3 और एस6 पटरी से उतर गए। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के पटरी से उतरने से लगे झटके के कारण छह यात्री घायल हो गए। दक्षिण मध्य रेलवे के सीपीआरओ राकेश ने जानकारी दी कि पटरी से डिब्बे उतरने की वजह से में ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े करीब छह लोगों को मामूली चोटें आईं। इन सभी घायलों का रेलवे अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, ट्रेन आंशिक रूप से प्लेटफार्म की दीवार से टकरा गई, जिसकी वजह से यह घटना घटी।

## यूनिट कमांडेंट से 'संवाद' करेंगे CRPF डीजी



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल "सीआरपीएफ' के डीजी अनीश दयाल सिंह, जिन्हें पिछले दिनों फोर्स प्रमुख की कमान सौंपी गई है, वे 13 जनवरी को यूनिट कमांडेंट्स के साथ बातचीत करेंगे। बल मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होने वाली बातचीत में आरएएफ, कोबरा, वीएस विंग व एनएस के आईजी सहित कई दूसरे वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। डीजी के समक्ष कोई भी कमांडेंट, बल को बेहतर बनाने के लिए अपनी बात रख सकता है। सूत्रों का कहना है, इस बातचीत के दौरान एचआर व कल्याण से जुड़े मुद्दे भी उठाए जा सकते हैं। ऐसे में संभव है कि लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे कैडर अधिकारी, अपनी बात डीजी के समक्ष रख सकते हैं।

### आकाश में नौसेना की तीसरी आंख बनेगा स्वदेशी टोही विमान

# पैनी नजर रखेगा यूएवी दृष्टि-10 ड्रोन हमलों को करेगा नाकाम

■ हर तरह के मौसम में चुनौतियों से निपटने में सक्षम



■ समुद्री जहाजों पर बढ़ते हमलों का करेगा मुकाबला

**एजेंसी | हैदराबाद**

भारतीय नौसेना के लिए आज का दिन बेहद खास है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज भारत में ही पूरी तरह से तैयार स्वदेशी यूएवी दृष्टि -10 स्टारलाइनर को नौसेना को सौंप दिया गया है। नौसेना के बेड़े में इसके शामिल होने के बाद नौसेना की ताकत पहले से और कहीं ज्यादा बढ़ जाएगी।

बता दें कि इस यूएवी दृष्टि -10 स्टारलाइनर को अदाणी डिफेंस ने तैयार किया है। और यह देश में बना पहला यूएवी दृष्टि-10 स्टारलाइनर है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने नौसेना के लिए पहले स्वदेश निर्मित दृष्टि 10 'स्टारलाइनर' मानव रहित हवाई वाहन को आज हरी झंडी दिखाई। 'दृष्टि-10' हर तरह के मौसम में समुद्र से आकाश तक सुरक्षा चुनौतियों के खतरों का मुकाबला करने में सक्षम है। नौसना प्रमुख ने कहा कि हाल के समय में हिंद महासागर से लेकर अरब सागर में समुद्री जहाजों पर लगातार बढ़ते ड्रोन हमलों की चुनौतियों की पहचान कर उन्हें पहले ही ध्वस्त करने में दृष्टि अहम भूमिका निभाएगा।




मानव रहित टोही विमान होने के साथ ही विस्फोटक सामाग्रियों के साथ निशाने पर धावा बोलने में सक्षम दृष्टि-10 समुद्री जहाजों पर बढ़ते हमलों का मुकाबला करने में प्रभावी होगा।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि वास्तव में दृष्टि आकाश में भारतीय नौसेना की तीसरी आंख होगी और पहले स्वदेश निर्मित यूएवी का अनावरण हमारे रक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी मुकाम है। दृष्टि 10 के एकीकरण से हमारी नौसैनिक क्षमताओं में वृद्धि के साथ समुद्री निगरानी और टोही तैयारियों को मजबूत मिलेगी।

### खतरों की पहचान कर पहले ही बोल सकता है धावा

| | |
|---|---|
| 1600 | किलो के करीब है दृष्टि-10 टोही विमान का वजन |
| 1000 | मील तक का सफर तय करने की क्षमता |
| 450 | किलोग्राम का पेलोड ले जाने की क्षमता स्वदेशी यूएवी में |
| 36 | घंटे तक मजबूती से टिके रहने में सक्षम |
| 30 | हजार फुट की ऊंचाई पर फ्लाई करने वाला हर्मीस ऑल-वेदर ड्रोन |

### इजराइल में बना, 70% उपकरण स्वदेशी

चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना नौसेना प्रमुख ने कहा कि हमारे दोनों पड़ोसी देशों के पास बड़ी संख्या में यूएवी हैं और ऐसे में भारतीय सैन्य बलों को इसकी पर्याप्त जरूरत है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम माने जा रहे दृष्टि यूएवी को नौसेना हैदराबाद से पोरबंदर ले जाएगी जहां अगले महीन से उसका उपयोग नौसेना के समुद्री अभियानों में किया जाएगा। इजराइल विकसित इस यूएवी के 70 फीसद उपकरण स्वदेश में बने हैं और अदाणी डिफेंस एंड एरोस्पेस ने भारतीय नौसेना से हुए समझौते के 10 महीने के भीतर ही उसे पहला यूएवी सौंप दिया है।

### तीनों सेना में 97 ऐसे यूएवी की जरूरत

नौसेना ने फिलहाल दो दृष्टि-10 का ऑर्डर दिया है तो कंपनी भारतीय सेना को भी दो यूएवी देगी। स्वदेश निर्मित दृष्टि 450 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला एक उन्नत खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) प्लेटफॉर्म है। इसका अर्थ है कि यह न केवल लंबी दूरी तय कर हर तरीके की चुनौतियों की निगरानी कर सकता है, बल्कि संभावित खतरों की पहचान कर उस पर पहले ही धावा बोल सकता है। नौसेना, वायुसेना और सेना को मिलाकर करीब 97 ऐसे यूएवी की जरूरत है जिसकी तय खरीदी प्रक्रिया के तहत भविष्य में आपूर्ति की जाएगी।

### राज्य के 500 मंदिरों में ड्रेस कोड लागू

## मंदिरों में शॉर्ट्स-फटी जींस में नहीं मिलेगी एंट्री

**एजेंसी | बेंगलुरु**

कर्नाटक के मंदिरों, मठों और धार्मिक संगठनों के संघ ने बेंगलुरु के 50 सहित राज्यभर के 500 से अधिक मंदिरों में बुधवार से भारतीय संस्कृति के अनुसार ड्रेस कोड लागू कर दिया। नए ड्रेस कोड के अनुसार, पुरुषों को शॉर्ट्स, बरमूडा, फटी जींस और सीना दिखाने वाली टी-शर्ट और महिलाओं को शाट्र्स, मिडी, फटी जींस पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। कर्नाटक देवस्थान-मठ मट्ठ धार्मिका संस्थगला महासंघ के संयोजक मोहन गौड़ा ने कहा कि आज जब मंदिरों में ड्रेस कोड लागू किया जा रहा है तो कुछ प्रगतिवादी, तर्कवादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के समर्थक चिल्ला रहे हैं। हालांकि, ढीले और गैर-पारंपरिक पोशाक पहनकर भगवान के दर्शन करने जाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं हो सकती है। गौड़ा ने कहा कि प्रत्येक को घर अथवा सार्वजनिक स्थान पर कुछ भी पहनने की आजादी है, लेकिन मंदिर धार्मिक स्थल है।



### भारतीय कपड़े शुद्ध और सभ्य

उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी कपड़ों की तुलना में भारतीय कपड़े आध्यात्मिक रूप से अधिक शुद्ध और सभ्य हैं। आध्यात्मिक रूप से शुद्ध ड्रेस कोड देश के कई प्रसिद्ध मंदिरों में वर्षों से लागू हैं। संघ ने बंदोबस्ती विभाग के नियंत्रण में आने वाले मंदिरों में भी ड्रेस कोड लागू करने के लिए राज्य के धार्मिक बंदोबस्ती मंत्री रामलिंगा रेड्डी से अपील की है।

## सड़क परियोजना के लिए 1,782 करोड़ की मंजूरी

**एजेंसी | ईटानगर**

केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश रणनीतिक सड़क परियोजना के निर्माण के लिए 1,782 करोड़ की मंजूरी दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी जानकारी दी।

मंत्रालय ने पूर्वोत्तर राज्य के सियांग जिले में पैंगो से जॉर्जिंग तक 82 किमी लंबे ग्रीमफील्ड सड़क के निर्माण के लिए परियोजना को मंजूरी दे दी है। नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, इस परियोजना का उद्देश्य सुरक्षित यातायात प्रवाह को सुनिश्चित करना और गांव के लिए कनेक्टिविटी स्थापित करना है जिससे कि पहाड़ी जिले में सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिल सके।

गडकरी ने आगे बताया कि यह सड़क सुरक्षा बलों के लिए यात्रा के समय को काफी हद तक कम करेगा। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने विकास पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

सीएम खांडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काफी ध्यान दिया गया है। उन्होंने नितिन गडकरी का भी आभार जताया है।

### पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला बोले- गुलमर्ग को इतना सूखा कभी नहीं देखा

# कश्मीर: गुलमर्ग में इस बार कम बर्फबारी, पर्यटकों में छाई मायूसी

■ कम बर्फबारी के चलते पर्यटन गतिविधियां प्रभावित

**एजेंसी | श्रीनगर**

कश्मीर से बड़ी संख्या में पर्यटक बिना बर्फबारी का अनुभव किए घर लौट आए हैं। इस सर्दी में घाटी में बर्फबारी की कमी से न केवल पर्यटन और संबंधित गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। गुलमर्ग में बर्फबारी को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने भी चिंता जाहिर की है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि गुलमर्ग को इतना सूखा कभी नहीं देखा।



गुलमर्ग क्षेत्र में स्कीइंग और बर्फ से जुड़ी अन्य गतिविधियों का आनंद लेने की उम्मीद में बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे थे, लेकिन बर्फबारी न होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा।

### पर्यटन उद्योग में डाल रही प्रतिकूल असर

पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को भी चिंता सता रही है कि सर्दियों में कश्मीर में बर्फबारी नहीं होने से घाटी के हजारों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। टूर ऑपरेटर मुजफ्फर अहमद ने कहा कि यह सर्दी हमारे व्यापार के लिए बहुत खराब प्रभाव डाल रही है। हालांकि, कश्मीर एकमात्र जगह नहीं है जहां बर्फ की कमी देखी गई है, हमारा शीतकालीन पर्यटन ज्यादातर बर्फबारी पर निर्भर करता है।

### फसलों को नुकसान का खतरा

स्थानीय किसानों के अनुसार, इस सर्दी में कश्मीर के ऊंचे इलाकों में भी बहुत कम बर्फबारी होने से घाटी में कृषि उपज बुरी तरह प्रभावित हो सकती है, जबकि निवासियों के लिए भी समस्याएं होंगी क्योंकि उन्हें पर्याप्त पीने का पानी नहीं मिलेगा। नौगाम के किसान मोहम्मद अकबर गनई ने कहा कि गर्मियों की शुरुआत में कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फ का पिघलना हमारी नदियों और झरनों के लिए पानी का मुख्य स्रोत है। पहाड़ों पर बर्फ नहीं होने से मैदानी इलाकों में लोगों को परेशानी होगी, फसलों को नुकसान होगा। सिंचाई के लिए पानी की कमी होगी। एक अन्य एक्स उपयोगकर्ता ने गुलमर्ग गोल्फ कोर्स में जंगल की आग का एक वीडियो पोस्ट किया। जो जनवरी के महीने में अब तक अकल्पनीय घटना थी। फरहत नाइक ने अपने पोस्ट में लिखा कि लंबे समय तक सूखे के बीच, गुलमर्ग गोल्फ कोर्स के एक हिस्से में जंगल की आग लग गई है।

### 25 तक बर्फबारी की कोई संभावना नहीं

मौसम विभाग के अनुसार इस साल जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख में शीतकालीन बर्फबारी में भारी कमी आई है। गणतंत्र दिवस से पहले स्थिति में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। आईएमडी लेह के निदेशक सोनम लोटस ने कहा कि 25 जनवरी तक किसी भी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ या बर्फबारी का कोई पूर्वानुमान नहीं है। लेह में मौसम केंद्र की उपग्रह छवि ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने की गंभीर तस्वीर दिखाती है, जो हमारे अमूल्य प्राकृतिक संसाधन हैं।

## 'नए रंग-नई उमंग': गायिका मुक्ता चड्ढा के निर्देशन में शानदार गीतों की प्रस्तुति

# सुपरहिट गीतों में नजर आई नए साल की नई उमंग, महिलाओं ने बिखेरे दिलकश सुर

बेधड़क.जयपुर। शहर के सर्वाधिक प्रतिष्ठित 'सरगम' ग्रुप की महिलाओं की ओर से बुधवार को जवाहर कला केंद्र के रंगायन में बॉलीवुड गोल्डन एरा के सुपरहिट गीतों का कार्यक्रम 'नए रंग-नई उमंग' आयोजित किया गया। प्रदेश की जानी मानी गायिका मुक्ता के चड्ढा के निर्देशन में आयोजित इस सुरमय कार्यक्रम में शहर की 20 प्रतिष्ठित महिलाओं ने एक से बढ़कर एक दिलकश गीतों की प्रस्तुति दीं। गीतों का चयन नए साल की उमंग को ध्यान में रखकर किया गया था इसलिए सभी गीत उत्सवी परिवेश बना रहे थे। महिलाओं के इस समूह में डॉक्टर, लेक्चरर, बिजनेस वूमैन और कई प्रोफेशनल सिंगर्स शामिल हैं। ममता झा और अनुराधा माथुर के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम जयपुर की सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष दुर्गेष नंदिनी और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान माहौल उस समय दिलकश हो गया जब कार्यक्रम निदेशक मुक्ता चड्ढा नें चर्चित गीत 'कोई यहां नाचे नाचे, कोई वहां नाचे नाचे' को प्रस्तुत किया। इस गीत से सारा परिवेश नए साल की उमंग से सराबोर हो गया और सुनने वालों के पैर खुद ब खुद थिरकने लगे। इसके बाद अनुराधा माथुर ने 'ओ रे घुंघरू का बोले' और प्रिया बोथरा ने 'याद आ रहा है तेरा प्यार' जैसे डांसिंग गीतों से कार्यक्रम की उमंग को परवान चढ़ाया।









### इन गीतों की प्रस्तुति रही खास

मेरा बाबू छैल छबीला मैं तो नाचूंगी, हुई जोरा जोरी चने के खेत में, ये लड़का हाय अल्ला कैसा ही दीवाना, तुमसे मिलने की तमन्ना है और पंछी बनू उड़ती फिरूं सहित कार्यक्रम में कई सुपरहिट गीतों को इन महिलाओं ने पूरी गर्मजोशी और तैयारी के साथ पेश कर सभी का दिल जीत लिया।

### इन महिलाओं ने दी प्रस्तुति

मुक्ता चड्ढा, अनुराधा माथुर, राजश्री सेमन्त, ममता झा, संध्या असवाल, डॉ. राशि अग्रवाल, निशा शर्मा, भावना कश्यप, आकृति वशिष्ठ, रेखा शर्मा, भारती शर्मा, रेणु माथुर, विनीता कोडवानी, रेखा शर्मा, ऋतु श्रीवास्तव, पूनम जैन और रजनी कोठारी।

## दूरदर्शन केंद्र में हिंदी कार्यशाला



**बेधड़क. जयपुर।** विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को दूरदर्शन केंद्र जयपुर में राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर की हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. गीता सामौर ने संबोधित किया। डॉ. सामौर ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार में लोक सेवा प्रसारकों के रूप में आकाशवाणी और दूरदर्शन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उन्होंने समाचार प्रस्तुतीकरण में शुद्ध हिंदी प्रयोग व उच्चारण पर ध्यान देने के लिए कहा। केंद्र के राजभाषा अधिकारी वीरेंद्र कुमार परिहार ने केंद्र की राजभाषा गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए कार्यशाला का सफल संचालन किया। कार्यशाला में केंद्राध्यक्ष और उपमहानिदेशक अभियांत्रिकी सतीश देपाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

## जयपुर के बॉयज को मिलेगा मिस्टर अर्थ बनने का मौका

**बेधड़क. जयपुर।** अब मिस्टर अर्थ का खिताब जयपुर और प्रदेश के बॉयज जीत सकते हैं। इसके लिए मिस राजस्थान के आयोजक योगेश मिश्रा अपॉर्चुनिटी देंगे। मिस्टर अर्थ इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन ने मिश्रा को नेशनल डायरेक्टर के रूप में इंडिया में अप्वॉइंट किया है, जिसमें बॉयज मिस्टर अर्थ इंडिया बनकर देश का नाम रोशन कर पाएंगे। गौरतलब है मिस्टर अर्थ इंटरनेशनल पेजेंट इकोलॉजी और मदर अर्थ को वर्ल्ड वाइड प्रमोट करता है। मिस्टर अर्थ इंटरनेशनल का आयोजन जुलाई में कोलंबिया में किया जाएगा, जिसके रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं।

## एवीएम के पूर्व छात्रों का स्नेह मिलन



**बेधड़क. जयपुर।** आदर्श विद्या मंदिर के पूर्व छात्रों का स्नेह मिलन समारोह बुधवार को बिरला सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी मौजूद रहीं, जबकि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम रहे। इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर के पूर्व प्राचार्य निरंजन शर्मा का भी सम्मान किया गया।

# City इवेंट्स

## 4 दशक से राम मंदिर के अवशेष की पूजा



**बेधड़क. जयपुर।** अयोध्या में बन रहे मंदिर को लेकर हर किसी के चेहरे पर खुशी है। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित सिविल लाइंस विधायक डॉ.गोपाल शर्मा के लिए ये पल खास है। वजह, राम मंदिर का अवशेष उनके पास होना। उनका कहना है कि प्राचीन राममंदिर के अवशेष की वे पिछले चार दशकों से पूजा कर रहे हैं। मुझे अब भी याद है जब 1992 में विवादित ढांचे को गिराया गया, तब हजारों साल पुराने प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर की परतें खुलने लगी। ये परतें राम मंदिर होने की गवाही दे रही थी। प्राचीन राममंदिर के अवशेष का दुर्लभ अंश मैंने अपने पास रखा, तब से इस दुर्लभ अंश में राम का स्वरूप देख पूजा अर्चना की जा रही है। आपको बता दें कि पत्रकारिता के चार दशक के सफर में अयोध्या के विवादित ढांचे के स्थान पर राममंदिर बनाने के लिए जो आंदोलन चला उसके गोपाल शर्मा शुरू से ही गवाह रहे हैं और उन्होंने घटना दर घटना इसे कवर किया है।

## उत्कर्ष महावीर बने अंडर-11 TT चैंपियन



**बेधड़क. जयपुर।** उदयपुर में 6-7 जनवरी को 68वीं राज्य स्तरीय स्टेट सब जूनियर टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें अंडर-11 आयु वर्ग में जयपुर के उत्कर्ष महावीर ने गोल्ड मेडल जीतकर राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब उत्कर्ष महावीर राष्ट्रीय टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता इंदौर में अंडर-11 आयु वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि 10 वर्षीय उत्कर्ष महाराजा सवाई मानसिंह विद्यालय में कक्षा 4 का विद्यार्थी है।

## सिंगापुर में किया अहिंसक आहार का प्रचार




**बेधड़क. जयपुर।** धर्म जागृति संस्थान जयपुर से गए यात्रा दल द्वारा सिंगापुर में अहिंसक आहार का प्रचार प्रसार किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि अभिक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य वसुनंदी महा मुनिराज द्वारा भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष को अहिंसक आहार वर्ष घोषित किया गया है। इसी के तहत सीए पारस जैन बिलाला के नेतृत्व में सिंगापुर गए यात्रा दल ने आठ दिन के प्रवास में सिंगापुर में कई स्थानों पर अहिंसक आहार के पंपलेट वितरित किए। इनमें रात्रि भोजन , जंक फूड, मांस मदिरा, जमिकंद, तंबाकू-ड्रग्स आदि के त्याग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। यात्रा दल में अजय जैन, दीपिका जैन, आदिश्री जैन, आदित बिलाला, शशि जैन, सोनू जैन, विमल जैन आदि शामिल है। यात्रा दल की वापसी 12 जनवरी को होगी।

## आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर एक और रिकॉर्ड

# डॉ. इकबाल ने बनाई मिट्टी के कण से भी बारीक 75 पतंगें

बेधड़क | जयपुर

मकर संक्रांति पर भारत की आजादी के 75वीं वर्षगांठ की खुशी में उदयपुर के स्वर्ण शिल्पी 100 विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर इकबाल सक्का ने विश्व की सबसे छोटी मिट्टी के कण से भी बारीक लेंस की मदद से देखे जाने वाली मीनाकारी सजी आधा मिलीमीटर से भी छोटी सोने की 75 पतंगें बनाई है। इसके साथ ही तांबे की डोर से पतंग उड़ाकर सबको आश्चर्य चकित कर दिया है। डॉक्टर सक्का ने बाकायदा पतंग में कबाड़ी, ढडा व फुदा भी लगाया है जो कि लेंस की सहायता से देखा जा सकता है। विश्व में सबसे छोटी छोटी इन पतंगों से इंडिया लिखा है। सोने की इन कलाकृतियों को बनाने में 75 घंटे लगे हैं इनका वजन 00 पॉइंट 075 मिलीग्राम सोना है। डॉक्टर सक्का ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर विश्व के सबसे छोटी पतंग चरखी बाज, आदमी और तांबे की डोर को शहर वासियों के लिए प्रदर्शनी रखना चाहते हैं। इसके लिए शहर के लोगों की मदद चाहिए।




## प्रदेश के 33 जिलों में जाएगी यात्रा

# प्राचीन मंदिर पुनर्निर्माण संकल्प यात्रा की शुरुआत आज से




बेधड़क | जयपुर

मैत्रेय संस्थान भारत में प्राचीन मंदिर पुनर्निर्माण संकल्प यात्रा की शुरुआत गुरुवार से करेगी। यात्रा के दौरान पूरे देश में सभी जिलों के मंदिरों को उनके प्राचीन स्वरूप में पुनः निर्मित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के 33 जिलों में यात्रा जाएगी। ऐसे में खंडित मूर्तियों की जगह नवीन प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

प्राचीन मंदिर पुनर्निर्माण संकल्प यात्रा की शुरुआत में जवाहर कला केंद्र में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 'भारत की प्राचीन धरोहर का सरोकार' नाम से होने वाले कार्यक्रम में जयपुर के कई प्रबुद्ध लोग शामिल होंगे। इसमें संत समाज के प्रमुख सभी संत शामिल हैं। इसमें गलतापीठाधीश अवधेशानंदजी, हाथोज धाम महंत व हवामहल क्षेत्र विधायक बलमुकुंदाचार्य, स्वामी राघवेंद्राचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी, महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा पुष्पा माई, शुभेश शर्मन- अखिल भारतीय संत समिति, धर्म समाज प्रमुख-राहुल द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता प्रदीप औदीच्य, महंत गढ़ गणेश मंदिर के अतिरिक्त सम्मानित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। आचार्या हिमानी शास्त्री ने बताया कि यात्रा शिविर कार्यक्रम में मैत्रेय संथान द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर, रोजगार मेला व मंदिर परिसर में वाटर कूलर व सोलर पैनल से लाइट की व्यवस्था करना शामिल है। साथ ही गोशाला की स्थापना की जाएगी।

**प्रतिभाओं को किया जाएगा सम्मानितः** जेकेके में होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम में 2023 में कई क्षेत्रों में किए गए कार्यों के लिए प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, स्टूडेंट्स, धर्म रक्षक सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों का सम्मान किया जाएगा।

**कार्यक्रम** | दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आईएसवीआईआर का 24वां वार्षिक सम्मेलन

# जयपुर में आज से जुटेंगे दुनियाभर के रेडियोलॉजिस्ट

बेधड़क | जयपुर

इंडियन सोसाइटी ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी (आईएसवीआईआर) का 24वां वार्षिक सम्मेलन 11 जनवरी से जयपुर में होगा।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल में हो रहे 4 दिवसीय मेडिकल सेमिनार में 23 देशों से इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट शामिल होंगे और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के क्षेत्र में एडवांस टेकनोलॉजी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। सेमिनार में विभिन्न टॉक सेशंस और वर्कशॉप रखी गई हैं।




विशेषज्ञों के अनुसार इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी कैंसर जैसी विभिन्न बीमारियों के इलाज, रक्तस्राव और अन्य बीमारियों को रोकने के लिए कई पिनहोल प्रोसेस प्रदान करती है और सर्जरी के विकल्प के रूप में बेहतरी से कार्य करती है। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी तकनीकों में कार्डियोवस्कुलर, हेपाटो-पित्त, जेनिटो-मूत्र, न्यूरोलॉजिकल, पेट और मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम शामिल हैं।

### 23 देशों से आएंगे विशेषज्ञ

आईएसवीआईआर के अध्यक्ष डॉ. सुयश कुलकर्णी ने बताया कि सेमिनार में 23 देशों से विशेषज्ञ आएंगे। यूएसए से आ रहे डॉ. मैक्सिम इटकिन, लिम्फोसेले-स्क्लेरोथेरेपी, हेपेटिक व मेसेंटेरिक लिम्फैंगियोग्राफी और प्रोटीन खोने वाली एंटरोपैथी के उपचार में आईआर की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार रखेंगे। लीवर कैंसर के इलाज में विशेषज्ञता रखने वाले यूएसए के डॉ. संजीव कालवा भी उपस्थित रहेंगे।

### स्वदेशी उपकरण विकसित करने पर फोकस

सचिव डॉ.अजित के.यादव और साइंटिफिक चेयरमैन डॉ.बालाजी पटेल कोला ने बताया कि इमेजिंग तकनीकों में सुधार और समय के साथ उनकी व्यापक उपलब्धता ने भारत में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई है। आईएसवीआईआर स्वदेशी उपकरणों को विकसित करने पर फोकस कर रही है।

हमें ऐसी शिक्षा चाहिए, जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## इक्वाडोर: जेल से भागा सबसे खतरनाक माफिया

# लाइव TV चैनल पर बंदूकधारियों का कब्जा



**एजेंसी** | क्विटो

लाइव टेलीविजन चैनल में बंदूकधारी गुंडों का हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है। इस घटना के बाद देश की सेना को उतारने का फैसला किया गया है। मामला साउथ अमेरिकी देश इक्वाडोर का है। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने मंगलवार को देश के शक्तिशाली आपराधिक समूहों के खिलाफ सैन्य अभियान का आदेश दिया है।

हुड पहने बंदूकधारी गैंगस्टरों ने एक टेलीविजन स्टूडियो पर हमला करने के साथ सुरक्षा बलों और नागरिकों को मारने की धमकी दी है। बता दें कि ये घटना ऐसे समय में आई है जब इक्वाडोर के सबसे शक्तिशाली आपराधिक आकाओं में से एक जेल से भाग गया है। इस खतरनाक अपराधी के अपने सेल से गायब हो जाने के बाद देश भर की जेलों में दंगे हो रहे हैं। हालात बिगड़ता देख सरकार ने इक्वाडोर में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

पूरे इक्वाडोर में बड़ी संख्या में सुरक्षाबल एक विशेष अभियान चला रहे हैं। वे शक्तिशाली ड्रग गिरोह लॉस चोनेरोस के दोषी सरगना एडोल्फो मैकियास उर्फ फिटो को पकड़ने की पूरी कोशिश में हैं।



### इसलिए चुना था नोबोआ को

36 वर्षीय नोबोआ को अक्टूबर में दक्षिण अमेरिकी देश में बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं से संबंधित अपराध और हिंसा से लड़ने की प्रतिज्ञा लेने पर चुना गया था। उनके देश को कभी शांति का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब अमेरिका और यूरोप से होने वाले कोकीन व्यापार पर एक महत्वपूर्ण अड्डा बन गया है।

### कब्जा जमाना चाहते हैं कार्टेल

गौरतलब है कि सबसे बड़े कोकीन निर्यातक देश कोलम्बिया और पेरू के बीच लंबे समय तक शांतिपूर्ण आश्रय स्थल रहे इक्वाडोर में हाल के वर्षों में मैक्सिकन और कोलम्बियाई कार्टेल से जुड़े दुश्मन गिरोह अपना कंट्रोल जमाना चाहते हैं। इसी होड़ के कारण हिंसा भड़क उठी है। राष्ट्रपति नोबोआ ने सोशल मीडिया पर लिखा, "मैंने सशस्त्र बलों को इन समूहों को बेअसर करने के लिए सैन्य अभियान चलाने का आदेश दिया है।" राष्ट्रपति की यह टिप्पणी तब आई जब बंदूकें और हथगोले लेकर आए हमलावरों ने बंदरगाह शहर गुआयाकिल में टीसी टेलीविजन के स्टूडियो पर हमला कर दिया, जहां गोलियों की आवाज के बीच एक महिला को यह कहते हुए सुना गया, "गोली मत मारो, प्लीज गोली मत मारो।" लगभग 30 मिनट की अराजकता के बाद, अधिकारियों को स्टूडियो में प्रवेश करते देखा गया, तभी किसी ने आवाज दी कि उनका "एक साथी घायल है।"

## मालदीव पर खुलासा: राष्ट्रपति चुनाव में भारत के खिलाफ किया दुष्प्रचार

# फैलाया प्रोपेगेंडा

**एजेंसी** | नई दिल्ली/माले

मालदीव की गद्दी संभालने के बाद नव निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू सोचा भी नहीं होगा कि भारत से पंगा लेना उन्हें इस कदर परेशान कर देगा। इतनी मुश्किल में फंस जाएंगे कि आका चीन की भी एक नहीं चल पाएगी। इस बीच यूरोपीय संघ ने एक रिपोर्ट जारी करके मुइज्जू सरकार की परेशानी और बढ़ा दिया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने 2023 के राष्ट्रपति चुनावों के दौरान भारत विरोधी भावनाओं को प्रोपेगेंडा के रूप में फैलाया। पीएनसी मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी है।

मालदीव में यूरोपीय चुनाव अवलोकन मिशन (ईयू ईओएम) ने पिछले साल 9 और 30 सितंबर को हुए दो दौर के चुनाव पर मंगलवार को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित की। राष्ट्रीय अधिकारियों के निमंत्रण पर, द्वीपसमूह राष्ट्र में 11 सप्ताह के लंबे अवलोकन के बाद, यूरोपीय संघ ईओएम ने पाया कि पीपीएम-पीएनसी गठबंधन द्वारा चलाया गया अभियान मालदीव में भारत विरोधी भावनाओं पर आधारित था।

रिपोर्ट में कहा गया है, "ईयू ईओएम पर्यवेक्षकों ने पाया कि चुनाव के दौरान पीपीएम-पीएनसी की ओर से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया।" रिपोर्ट में कहा गया है, "उनके अभियान में भारत विरोधी भावनाएँ शामिल थीं, जो भारतीय प्रभाव के डर और देश के अंदर भारतीय सैन्य कर्मियों की उपस्थिति के बारे में चिंता पर आधारित थीं। इन मुद्दों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिए ऑनलाइन दुष्प्रचार के रूप में भी इस्तेमाल किया गया।"



### जिनपिंग की भारत को चिढ़ाने की कोशिश

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का रेड कार्पेट स्वागत किया है। मालदीव के राष्ट्रपति ऐसे समय पर चीन के दौरे पर पहुंचे हैं, जब भारत के साथ उनका विवाद अपने चरम पर है। चीनी राष्ट्रपित ने झूठ बोलकर भारत को चिढ़ाने की भी कोशिश की।

## बांग्लादेश में लोकतंत्र की कमी!

**एजेंसी** | टोरंटो

अमेरिका के बाद अब कनाडा ने भी भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में हुए आम चुनावों को लेकर निराशा व्यक्त की है। कनाडाई सरकार ने बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में उन "लोकतंत्र और स्वतंत्रता के सिद्धांतों की कमी" बताई जिस पर देश की स्थापना हुई थी। यह बात ग्लोबल अफेयर्स कनाडा (जीएसी) ने एक विज्ञप्ति में कही।

## इजराइल-हमास युद्ध पर UNGA में क्यों गुस्साया भारत

# बताया खतरनाक मानवीय संकट

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

भारत ने बुधवार को इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में जानमाल के नुकसान की कड़ी निंदा की और इसे "खतरनाक मानवीय संकट" बताया। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का एकमात्र तरीका "संवाद और कूटनीति" है।

भारत की दूत ने कहा, "इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान चली गई है और इसके परिणामस्वरूप एक खतरनाक मानवीय संकट पैदा हो गया है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। कंबोज ने यूएनजीए बैठक के दौरान कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस का दृष्टिकोण रखता है। उन्होंने कहा, "इस संघर्ष की शुरुआत के बाद से भारत ने स्पष्ट और सुसंगत संदेश दिया है। बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।"

## नासा के इंसानों को चांद पर भेजने का कार्यक्रम

# आर्टेमिस मिशन की लॉन्चिंग टली

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने अपने आर्टेमिस कार्यक्रम की लॉन्चिंग को साल 2026 तक के लिए टल गया है। इस मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजना है। नासा के अधिकारियों ने बताया है कि आर्टेमिस III मिशन के तहत अपोलो कार्यक्रम के बाद पहली बार चंद्रमा पर मनुष्यों को उतारने की योजना है। इस मिशन को अब कम से कम सितंबर 2026 तक शुरू नहीं किया जा सकेगा। इससे पहले यह मिशन 2025 के लिए निर्धारित किया गया था। वहीं, आर्टेमिस II को इसी साल लॉन्च किया जाना था। अब तकनीकी कारणों से इन दोनों मिशनों को टाल दिया गया है।

नासा के अधिकारियों ने बताया है कि इस मिशन को लेकर हम बहुत उत्साह में हैं। पचास से ज्यादा साल बाद आर्टेमिस मिशन के साथ इंसान को चंद्रमा पर भेजने की तैयार है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि हमें और इंतजार करना पड़ेगा। मिशन को सुरक्षित रूप से पूरा करने के लिए आर्टेमिस II और आर्टेमिस III के शेड्यूल को समायोजित कर रहे हैं, ताकि टीमों को पहली बार विकास, संचालन और एकीकरण से जुड़ी चुनौतियों के माध्यम से काम करने की अनुमति मिल सके। दरअसल, अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा पहने जाने वाले स्पेससूट की इंजीनियरिंग और दूसरे साजो सामान तैयार होने में देरी हो रही है।



### 50 साल पहले चांद पर भेजा था इंसान

नासा को आर्टेमिस 2 मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को 2024 के आखिर तक अंतरिक्ष में भेजा जाना था। वहीं, आर्टेमिस 3 मिशन के तहत 2025 में चार अंतरिक्ष यात्री चांद पर लैंडिंग करने वाले थे। तकनीकी कारणों से नासा ने अब वह इस मिशन को 2025 की बजाय 2026 में पूरा किया जाएगा। नासा ने 50 साल पहले इंसान को पहली बार चांद पर भेजा था। एक बार फिर नासा का यही लक्ष्य था। इस मिशन में 1972 के बाद पहली बार मनुष्यों के साथ चांद की सतह पर नासा वापसी करना चाहता है।

## पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा, 'सिर नहीं ढका और मस्जिद तक चली गईं'

# स्मृति ईरानी के मदीना जाने पर चिढ़ा पाक

**एजेंसी** | अबू धाबी



भारत की अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी पिछले दिनों सऊदी अरब के दौरे पर थीं। इस दौरान वह मदीना भी गई थीं और वहां हज की तैयारियों का जायजा लिया था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचीं स्मृति ने सऊदी अरब के कुछ सीनियर नेताओं से भी मुलाकात की और जेद्दाह में आयोजित उमराह कॉन्फ्रेंस में भी हिस्सा लिया। इस विजिट की तस्वीरें स्मृति ईरानी ने एक्स पर शेयर कर बताया है कि वे मदीना की पवित्र अल मस्जिद अल नबवी और कुबा मस्जिद के बाहरी परिसर तक गई थीं। इसकी स्थापना पैगंबर मोहम्मद ने 622 ई. में की थी।

स्मृति इरानी के इस दौरे को लेकर पाक मीडिया को मिर्ची लग गई है और अब वह स्मृति ईरानी के अलावा सऊदी अरब पर भी सवाल उठा रहा है। एक पाकिस्तानी अखबार ने तो स्मृति के पहनावे तक पर सवाल उठाया है। अखबार ने इसे भारतीय डेलिगेशन की विजिट न लिखकर 'हिंदू डेलिगेशन' लिखा है, जो उसके सांप्रदायिक रुख को दिखाता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl